संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -222 गुरूवार,13 जून 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# चंद्रबाबू नायडू चौथी बार आंध्र प्रदेश के बने मुख्यमंत्री

## चंद्रबाबू नायडू का शपथ ग्रहण:राजनेता हो या साउथ के सुपरस्टार,पीएम मोदी की गर्मजोशी ने बटोरी सुर्खियां

**चंद्रबाबू नायडू के साथ 24 विधायकों ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली...इनमें से 17 मंत्री नए हैं...नायडू के मंत्रिमंडल में तीन महिलाएं,आठ पिछड़े वर्ग के विधायक, दो एससी, एक एसटी और एक मुस्लिम हैं शामिल...**

- विधानसभा चुनावों में एनडीए ने दर्ज की थी प्रचंड जीत...
- चंद्रबाबू नायडू चुने गए हैं विधायक दल के नेता...
- पीएम मोदी समेत भाजपा के कई बड़े नेता शपथ ग्रहण में हुए शामिल...



**अमरावती,12 जून 2024 (ए)।** टीडीपी प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को चौथी बार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। विजयवाड़ा में हुए आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। शपथ ग्रहण के बाद पीएम मोदी ने गले लगाकर नायडू को बधाई दी। विधानसभा चुनावों में चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में एनडीए ने रिकॉर्ड जीत दर्ज की है, जिसमें भाजपा के साथ ही पवन कल्याण की पार्टी जन सेना भी शामिल है।

खास बात यह रही कि पीएम मोदी सभी से पूरी गर्मजोशी से मिले। चाहें शपथ ग्रहण के बाद चंद्रबाबू नायडू को गले लगाना हो, या चिरंजीवी और पवन कल्याण को बधाई देना हो।

प्रधानमंत्री मोदी ने जन सेना प्रमुख पवन कल्याण, अभिनेता और पद्म विभूषण पुरस्कार विजेता चिरंजीवी, अभिनेता रजनीकांत, अभिनेता-राजनेता नंदमुरी बालकृष्ण और अन्य केंद्रीय मंत्रियों और टीडीपी नेताओं से मुलाकात की।

शपथ ग्रहण समारोह के बाद आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और जन सेना प्रमुख पवन कल्याण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सम्मान किया। चंद्रबाबू नायडू के बाद जन सेना पार्टी प्रमुख पवन कल्याण ने पद तथा गोपनीयता की शपथ ली। तीसरे नंबर पर चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश ने शपथ ली। शपथ लेने के बाद नारा लोकेश ने पीएम के पैर छूने की कोशिश की, लेकिन मोदी ने रोक लिया।शपथ ग्रहण कार्यक्रम विजयवाड़ा के बाहरी इलाके में गन्नावरम हवाई अड्डे के पास केसरपल्ली आईटी पार्क में हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा और एनडीए के कई बड़े नेता शामिल हुए।

### शपथ ग्रहण में ये हस्तियां रहीं मौजूद

केंद्रीय मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, नितिन गडकरी, रामदास अठावले, अनुप्रिया पटेल और चिराग पासवान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल और पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू।

### पवन कल्याण की पार्टी ने किया अच्छा प्रदर्शन

आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में पवन कल्याण ने पीठपुरम सीट से जीत हासिल की है। दरअसल, पवन कल्याण की पार्टी जनसेना विधानसभा चुनाव में दूसरी बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। वह चंद्रबाबू नायडू की कैबिनेट में शामिल हो गए हैं। इसके साथ ही उनकी पार्टी ने दो लोकसभा सीटों पर भी जीत हासिल की है।

## उड़ीसा के 15 वें मुख्यमंत्री बने मोहन माझी

- ओडिशा में भाजपा की पहली सरकार
- केवी सिंहदेव,प्रभाती परिदा डिप्टी सीएम बने 13 मंत्रियों ने भी ली शपथ
- पीएम मोदी कीमौजूदगी में माझी ने ली शपथ,
- नवीन पटनायक भी पहुंचे थे



**भुवनेश्वर,12 जून 2024 (ए)।** ओडिशा में पहली बार भाजपा की सरकार बन गई है। 52 साल के मोहन चरण माझी ने बुधवार को राज्य के 15वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। उनके साथ दो डिप्टी सीएम कनक वर्धन सिंहदेव (67) और प्रभाती परिदा (57) ने भी शपथ ली।

माझी मंत्रिमंडल में 13 मंत्रियों ने भी शपथ ली। इनमें सुरेश पुजारी, रबिनारायण नाइक, नित्यानंद गोंड, कृष्ण चंद्र पात्रा, पृथ्वीराज हरिचंदन, मुकेश महालिंग, बिभूति भूषण जेना, कृष्ण चंद्र महापात्रा, गणेश राम सिंह खुंटिया, सूर्यवंशी सूरज, प्रदीप बालसामंता, गोकुला नंद मल्लिक और संपद कुमार स्वैन शामिल हैं।

शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, जेपी नड्डा, अमित शाह के अलावा उत्तर प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, असम, हरियाणा, गोवा और उत्तराखंड के सीएम भी मौजूद थे।माझी राज्य में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री भाजपा के आदिवासी नेता और चार बार के विधायक रह चुके मोहन चरण माझी ने आज ओडिशा के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह शाम करीब पांच बजे भुवनेश्वर के जनता मैदान में हुआ। माझी राज्य में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री हैं। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और भाजपा शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए.। बीजद प्रमुख नवीन पटनायक भी माझी के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे.।

### माझी ने पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से मुलाकात की

इससे पहले आज माझी ने पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से मुलाकात की और उन्हें शपथ ग्रहण समारोह में आने का निमंत्रण दिया।. ओडिशा सरकार ने यह भी घोषणा की थी कि शपथ ग्रहण समारोह के मद्देनजर भुवनेश्वर में उसके कार्यालय बुधवार दोपहर एक बजे से बंद रहेंगे.। शपथ ग्रहण समारोह के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई। कुल 67 प्लाटून पुलिस बल तैनात किया गया। हाल ही में संपन्न राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 147 सीटों में से 78 सीटें जीतीं, जबकि बीजद को 51 सीटें मिलीं।.

# पेमा खांडू फिर बनेंगे अरुणाचल प्रदेश के सीएम



- विधायक दल की मीटिंग में लगी मुहर

**अरुणाचल,12 जून 2024 (ए)।** पेमा खांडू एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे। बुधवार को यहां हुई बैठक में खांडू को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। बैठक में भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक रवि शंकर प्रसाद और तरुण चुघ भी शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि खांडू आज ही सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे।

सूत्रों के मुताबिक, बीएलपी के नए नेता राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) केटी परनाइक के समक्ष राज्य में अगली सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह ईटानगर में राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित किया जाएगा। भाजपा के एक नेता ने बुधवार को बताया कि नए मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिपरिषद गुरूवार सुबह 11 बजे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष की मौजूदगी में शपथ लेंगे।

### भाजपा लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश की सत्ता में लौटी

हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में शानदार जीत हासिल करके भाजपा लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश की सत्ता में लौटी है, जिसने 60 सदस्यीय सदन में 46 सीटें हासिल की हैं। 2019 के चुनावों में चार सीटें जीतने वाली विपक्षी कांग्रेस 2024 में 19 सीटों पर चुनाव लड़ी थी, जिसमें से उसे सिर्फ एक सीट ही मिल पाई। भाजपा के नेतृत्व वाली एनईडीए की घटक नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) को पांच सीटें मिलीं, जबकि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल (पीपीए) को क्रमशः तीन और दो सीटें मिलीं। 19 अप्रैल को हुए चुनावों में तीन निर्दलीय उम्मीदवार भी विजयी हुए, जिसके नतीजे 2 जून को घोषित किए गए।

# विजय सिन्हा ने राहुल गांधी को बताया पप्पू

- कहा- वे भ्रष्टाचारियों का पांव पकड़कर चुनाव जीतने की रखते हैं मानसिकता



**पटना,12 जून 2024 (ए)।** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को पप्पू बताया है। उन्होंने राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी दया के पात्र हैं। वह भ्रष्टाचारियों और आतंकवादियों का पांव पकड़कर चुनाव में जीतने की मानसिकता रखते हैं। हिम्मत थी तो केरल से क्यों भाग गए थे? उन्हें इतना आत्मविश्वास है तो अमेठी से नामांकन क्यों नहीं किया? उन्हें( राहुल गांधी) इस बात का डर आज भी है कि वे अगली बार चुनाव जीत भी पाएंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि दया के पात्र राहुल गांधी देश विरोधी गतिविधियों से सहयोग लेने वाले हैं।

# लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी होंगे अगले आर्मी चीफ

- जनरल मनोज पांडे का लेंगे स्थान



**नई दिल्ली,12जून 2024 (ए)।** लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी नए सेना प्रमुख होंगे। वह वर्तमान सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का स्थान लेंगे। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी वर्तमान में उप सेना प्रमुख हैं। जनरल पांडे 30 जून को रिटायर होंगे। सरकार ने पिछले महीने जनरल पांडे का कार्यकाल एक माह के लिए बढ़ा दिया था।

# डोडा में सेना की चौकी पर हमला

- बीते 3 दिनों में तीसरी आतंकी घटना



**जम्मू कश्मीर,12जून 2024 (ए)।** जम्मू-कश्मीर के डोडा में देर रात सेना की चौकी पर आतंकियों ने हमला किया। तीन दिनों में यह तीसरी आतंकी घटना है। देर रात चत्तरगला इलाके में स्थित सेना और पुलिस की संयुक्त चौकी पर हमला हुआ। जिसके बाद सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है।

पुलिस के मुताबिक, हमले के दौरान हुई गोलीबारी में दो सैनिक घायल हो गए। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन ने बताया कि पहाड़ी इलाकों में मुठभेड़ जारी है। बता दें कि डोडा हमले से कुछ घंटे पहले, कठुआ जिले में आतंकियों ने एक घर पर गोलीबारी की थी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

कठुआ के सैदा गांव में हुए हमले के बाद, सुरक्षा बलों ने आतंकियों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू किया है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी को मार गिराया है। पहाड़ी इलाकों में एनकाउंटर अभी भी जारी है।डीसी कठुआ राकेश मिन्हास और एसएसपी अनायत अली चौधरी मौके पर मौजूद हैं और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

# वायनाड छोड़ेंगे या रायबरेली ?

- राहुल गांधी ने केरल में इस सवाल पर कही बड़ी बात,मोदी तक को घेरा



**नई दिल्ली,12जून 2024 (ए)।** 3 लाख से ज्यादा वोटों से दो सीटों पर लोकसभा चुनाव जीतने वाले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी रायबरेली में धन्यवाद रैली को संबोधित करने के एक दिन बाद बुधवार (12 जून) को वायनाड पहुंचे, जहां दोनों सीटों में एक को छोड़ने को लेकर बयान दिया। चुनाव जीतने के बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र पहुंचे राहुल गांधी ने सीधा लोगों से संवाद किया। केरल के मलप्पुरम में रैली संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने पहले वहां के लोगों के समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और उन्हीं से पूछा कि वो कहां से सांसद रहे? जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, मेरे सामने दुविधा है- मैं क्या चुनूं? वायनाड या रायबरेली? ये सुनकर वहां मौजूद लोग जोर-जोर से वायनाड चिल्लाने लगे, जिनको सुनकर राहुल गांधी ने कहा कि मैं आपसे कहना चाहता हूं कि मेरे फैसले से दोनों जगह के लोग खुश होंगे। इसी के साथ राहुल गांधी ने वहां मौजूद लोगों से कहा कि मैं वादा करता हूं। सभी तरह के समर्थन के लिए धन्यवाद करता हूं और मैं जल्द ही आपसे फिर मिलने आऊंगा।

# दिल्ली के कई संग्रहालयों में बम की सूचना से हड़कंप




- बम निरोधक दस्ता पहुंचा

**नई दिल्ली,12जून 2024 (ए)।** दिल्ली में एक बार फिर बम की सूचना से हड़कंप मच गया। इस बार धमकी देने वाले ने हवाई अड्डे और स्कूल को नहीं बल्कि संग्रहालयों में बम होने की सूचना दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली के करीब 10 से 15 संग्रहालयों को एक साथ ईमेल कर धमकी दी गई है, जिसमें मशहूर रेल संग्रहालय भी शामिल है।सूचना के बाद सभी संग्रहालयों में बम निरोधक दस्ता, पुलिस टीम और डॉग स्क्वॉयड पहुंच गया और संग्रहालय की तलाशी ली।

पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि सभी संग्रहालयों में जांच के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। पुलिस ईमेल भेजने वाले का पता लगा रही है।बता दें कि पिछले कुछ महीनों में बम रखे होने की फर्जी सूचनाओं की बाढ़ आ गई है। इस साल 200 से अधिक स्कूलों, 12 से अधिक अस्पतालों और दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अलावा कई विमानों में बम होने की सूचनाएं सामने आ चुकी हैं।

लगातार फर्जी ईमेल भेजने वाले को दिल्ली पुलिस पकड़ नहीं पाई है। पिछले दिनों स्कूलों को मिले धमकी वाले ईमेल के तार रूस से जुड़े बताए जा रहे थे।मंगलवार को दिल्ली पुलिस ने एयर कनाडा विमान में बम की सूचना देने वाले का खुलासा किया था। पुलिस ने बताया था कि बम की सूचना मेरठ के एक 13 वर्षीय किशोर ने दी थी। उसने अपनी मां के मोबाइल से मस्ती करने के लिए फर्जी ईमेल भेजा था।

# कठुआ में दूसरा आतंकी भी ढेर

- बैग से मिली चपाती चॉकलेट और चौंकाने वाली चीजें



**श्रीनगर,12जून 2024 (ए)।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में सेना को बड़ी कामयाबी मिली है।. मुठभेड़ में अब तक दो आतंकियों को मार गिराया जा चुका है। सुबह यहां पर गोलीबारी में एक आंतकी को मौत के घाट उतारा गया है था, हालांकि इसके बाद भी सर्च ऑपरेशन जारी था। दोपहर तक सेना के जवानों को एक और सफलता मिली. मुठभेड़ में दूसरे आतंकी को भी ढेर कर दिया गया। कठुआ जिले के एक गांव में सुबह हुए आतंकी हमले के बाद से ही सेना और आतंकियों के बीच गोलीबारी और लुका-छिपी चल रही थी। जंगलों में आतंकी छिपने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन सेना ने उन्हें घेरने की पुख्ता तैयारी कर ली।. खास बात यह है कि मारे गए आतंकियों के बैग से चौंकाने वाली चीजें सामने आ रही हैं।

# राशन कार्ड को आधार से लिंक करने की समय सीमा बढ़ी

**नई दिल्ली,12जून 2024 (ए)।** सरकार ने जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत राशन लेने वाले लाभार्थियों के लिए राशन कार्ड को आधार से लिंक करने के लिए समय सीमा तीन महीने बढ़ा दी है।




केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग की एक अधिसूचना में कहा गया है कि अब 30 सितंबर 2024 तक उपभोक्ता राशन कार्ड को आधार से लिंक करा सकेंगे। पिछली अधिसूचना में इसके लिए 30 जून 2024 तक का समय दिया गया था।सरकार ने फरवरी 2017 में पीडीएस के तहत लाभ लेने के लिए राशन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करना अनिवार्य किया था। हालांकि इसकी समयसीमा अब तक कई बार आगे बढ़ाई गई है। अधिसूचना के अनुसार, तय समय में या तो राशन कार्ड को आधार से लिंक करना होगा या जिन लाभार्थियों के पास आधार नहीं है उन्हें इसके लिए आवेदन कर उसका प्रमाण जमा कराना होगा। ज्यादातर पीडीएस उपभोक्ता अपने राशन कार्ड को पहले ही आधार से लिंक करवा चुके हैं। तत्कालीन उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने 20 दिसंबर 2023 को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया था कि अब तक लगभग 99.8 फीसदी राशन कार्डों को आधार से जोड़ दिया गया है।

## संपादकीय

## मौद्रिक नीति यथावत

भारतीय रिजर्व बैंक ने लगातार आठवीं बार ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है यानी केंद्रीय बैंक ने ब्याज दरों को 6.5 फीसद पर बनाए रखा है।रिजर्व बैंक ने आखिरी बार 4 फरवरी, 2023 को दर 0.25 फीसद बढ़ाकर 6.5 फीसद की थी। सात जून को आरबीआई के गर्वनर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिनी बैठक में लिए गए इस बाबत निर्णय की जानकारी देते हुए ब्याज दरों के यथावत रहने की घोषणा की यानी मकान, वाहन और अन्य कर्ज महंगे नहीं होंगे।समिति के छह में से चार सदस्यों ने ब्याज दरों को यथावत बनाए रखने जबकि दो सदस्यों ने इससे अलग राय जताई थी। दरअसल, आर्थिक वृद्धि दर मजबूत बनी हुई है जबकि मुख्य मुद्रास्फीति में नरमी से खुदरा महंगाई में लगातार कमी आ रही है। ईंधन की महंगाई दर में भी कमी जारी है।इसलिए केंद्रीय बैंक के लिए ब्याज दरों को यथावत बनाए रखने में आसानी रही। लेकिन महंगाई की दर के अपेक्षित से ज्यादा बने रहना सरकार के लिए चिंता का सबब अवश्य है और वह महंगाई चार फीसद के मानक स्तर पर लाने के लिए बराबर सतर्कता बरत रही है।उसकी चुनौती इस मोर्चे पर कड़ी है क्योंकि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के मुताबिक 2023-24 में महंगाई 4.83 फीसद दर्ज की गई जो अपेक्षित स्तर से ऊंची है। इसके निकट भविष्य में नीचे आने की उम्मीद भी नहीं है। अलबत्ता, वर्ष के ज्यादातर समय इसके 4.5 फीसद के आसपास बने रहने का आकलन है।अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति में मुद्रास्फीति और आर्थिक वृद्धि की गति के मद्देनजर रिजर्व बैंक पहले ही पूर्वानुमान लगा चुका था कि मुद्रास्फीति 4.5 फीसद के आसपास रहेगी। बाजार का भी यही आकलन था। इस बीच, केंद्र में गठबंधन सरकार शपथ ले चुकी है।भले ही सरकार के रुख को लेकर अनिश्चितता है लेकिन इतना तय है कि सरकार का रुख लचीला रहेगा। वह कुछ डेफिसिट के साथ भी काम चलाना चाहेगी बशर्ते आम जन को सहूलियत मिले। मानसून निकट है, और अच्छा मानसून रहने के अनुमान से भी मौद्रिक मैकेनिज्म से दामों को काबू में रखने का उपाय कारगर माना जाएगा।यही कारण है कि रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति को यथावत रखने के साथ ही मुद्रास्फीति में कमी लाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई है।अलबत्ता, केंद्रीय बैंक निकट भविष्य में खाद्य मुद्रास्फीति में किसी भी बढ़ोतरी के जोखिम पर बराबर नजर रखेगा ताकि मुद्रास्फीति चार फीसद के स्तर पर लौटे।

## वैचारिक मतभेदों को व्यक्त करने का घृणित तरीका

वैचारिक मतभेदों को व्यक्त करने का घृणित तरीका, खासकर जब आप वर्दी पहने हों। शर्मिंदगी और हैरानी इस बात की है कि ये काम सीआईएसएफ की सुरक्षाकर्मी ने किया है जो लोगों की सुरक्षा के लिए होते हैं।क्या ये कंगना के खिलाफ चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर प्लांड अटैक है। सांसद पर चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर हुआ हमला बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है, खासकर एक सुरक्षाकर्मी द्वारा, जिन पर सुरक्षा का जिम्मा होता है। अपनी शिकायत को रखने का और भी सभ्य तरीका होता है।'भारतीय राजनीति और सामाजिक जीवन में हम अक्सर इस तरह की घटनाओं के बारे में सुनते हैं। थप्पड़' कहने से हिंसा की गंभीरता कम होती है और हिंसा के शिकार की कमजोरी ज्यादा उजागर होती है। थप्पड़ से किसी की जान नहीं जाती, उसकी निष्कवचता अधिक प्रकट होती है। उसमें किसी योजना की जगह एक प्रकार की स्वतःस्फूर्तता का तत्व होता है। कहा जा सकता है कि थप्पड़ मारने वाले की मंशा सिर्फ नाराजगी का इजहार होता है। राजनीति और सिस्टम (लोकतंत्र या तानाशाही) में विरोध जायज है और यही विरोध तरह तरह के स्वरूपों में हमारे सामने आता रहता है। थप्पड़ या स्याही हमला भारतीय राजनीति में कोई नया किस्सा नहीं है। पहले भी हमारे नेता इन हमलों का दंश झेलते रहे हैं।इतना ही नहीं कई नेताओं पर जूता उछाले जाने की घटनाएं भी हुई हैं। लोकतंत्र लोगों को विरोध प्रदर्शन की आजादी देता है और लोग विरोध के नए-नए तरीके खोज लाते हैं। कभी विरोध में अंडे, टमाटर फेंके जाते हैं, तो कभी जूते-चप्पल कंगना ने किसान आंदोलन के खिलाफ में कुछ बोला तो सीआईएसफ की कांस्टेबल ने आज कंगना पर हमला कर दिया। ये कहां तक उचित है? जो लोग इसे सही ठहरा रहे हैं वे ये समझ लें कि रक्षक को भक्षक नहीं बनना होता है। आपकी व्यक्तिगत सोच और विचारधारा आपकी ड्यूटी के बीच में नहीं आनी चाहिए। देशभर में दर्जनों नेता हैं जो सेना के खिलाफ बोलते आए हैं। कभी सिक्यूरिटी के दौरान किसी सैनिक की भावना उसकी ड्यूटी के बीच आ गई तो ऐसे नेताओं का वहीं हिसाब हो जाएगा। धारा 370, राम मंदिर जैसे मुद्दों पर कई नेताओ और सेलिब्रिटीज़ के घटिया और भद्दे बयान सबके सामने हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ अगर हर सुरक्षाकर्मी सिक्युरिटी के दौरान अपनी भवनाएं दिखाने लगा तो बहुत बड़ी दिक्कत हो जाएगी। मुझे तो ये समझ नहीं आ रहा है कि लोग कैसे इस महिला के एक्ट को जस्टिफाई कर सकते हैं।क्या लोग ये भूल गए कि ऐसे ही दो सुरक्षा कर्मचारियों की भावनाएं उनकी ड्यूटी के बीच आ गई थी जिसकी वजह से इंदिरा गांधी की हत्या हुई। हिंसा की भर्त्सना बिना शर्त जब तक न की जाएगी, जब तक उसके लिए कोई औचित्य तलाशा जाता रहेगा और जब तक वह विचारधारा के आधार पर सही या गलत मानी जाएगी, उसकी पुनरावृत्ति होती रहेगी। संचार माध्यमों द्वारा हिंसा को नयनाभिराम बनाकर अगर उपभोग्य बना दिया गया तो वह फिर बार-बार अदा' की जाएगी और अपनी भयावहता भी खो बैठेगी। वह लोकतंत्र का सबसे सबसे खतरनाक क्षण होगा। देश का हर नेता किसी न किसी के बारे में आए दिन जहर उगलता रहता है। अगर हर नेता की बात पर सुरक्षा बलों के जवान इसी तरह रिएक्ट करना शुरू कर दें तो देश की व्यवस्था का क्या होगा? क्या इसको बढ़ावा देना उचित है? क्या कल को और कोई नहीं ऐसे किसी नेता या पब्लिक फिगर पर हाथ उठेगा? क्या गारंटी है कि कल को यही घूम कर सभी के पास आएगा।

-प्रियंका सौरभ-

# मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पूरे देश के भाजपा नेताओं सहित अन्य दलों के नेताओं लिए बने मिसाल



-रवि सिंह-
पण्डोपारा
कटकोना,
कोरिया,छत्तीसगढ़

» मुख्यमंत्री पद न मिलने के बावजूद भी अपने प्रदेश में भाजपा को लोकसभा चुनाव में भी दिलाई बड़ी जीत...

» जहां बड़ा पद न मिलने पर नेता अपने ही पार्टी को नुकसान पहुंचाते हैं वहीं शिवराज सिंह चौहान ने एक अलग ही मिसाल कायम कर दी...

» पद से हटाए जाने के बावजूद भी निःस्वार्थ भाव से प्रदेश में भाजपा को जिताया...

» राजनीति बड़ा रुतबा वाला मामला, पद पाना हर नेता का सपना नहीं मिलने पर पार्टी को ही झोंक देते हैं पद के आगे...

» जिस नेता ने मध्यप्रदेश में चौथी बार भाजपा को पूर्ण बहुमत दिलाया उसने पद से हटाने के बाद भी पार्टी का साथ निभाया...

» पीएम मोदी की कैबिनेट में मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम

### शिवराज सिंह चौहान को कृषि मंत्रालय दिया गया है...

2024 लोकसभा का चुनाव बहुत कुछ बताता है और समझाता है वहीं कई मामलों में तो कई मिसाल भी देता है, जहां इस लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की सरकार बनी है और ऐसी स्थिति निर्मित क्यों हुई? इसके पीछे भी भाजपा के नेताओं का षड्यंत्र किसी से छुपा नहीं है। पूर्ण बहुमत वाली भाजपा 2024 में गठबंधन पर आकर टिक गई, गठबंधन उसकी मजबूरी बनी इसका कारण भी भाजपा के नेता ही बने जो अपनी ही पार्टी को नुकसान पहुंचा सिर्फ पद की लालसा में और अपने आगे के भविष्य को लेकर ज्यादा सोच बैठे और पार्टी को नुकसान पहुंचाने से भी बाज नहीं आए पर वहीं इस बीच पूरे देश में एक ऐसा भी नेता था जो बिना पद लालसा के भाजपा के लिए एक सच्चे सिपाही की तरह काम करता रहा और लोकसभा में भी अच्छी जीत दिलाई वह नाम है मध्यप्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का जिन्होंने मुख्यमंत्री का पद जाने के बावजूद भाजपा को लोकसभा में पूरी 29 के 29 सीट दिलाए, पूरे चुनाव में उन्होंने सबसे ज्यादा पार्टी के लिए प्रचार व दौरे किए। वहीं जहां बाकी राज्यों में भी मुख्यमंत्री बदले गए वहां पर इसका असर देखने को मिला, उत्तर प्रदेश ही एक ऐसा राज्य था जहां पर मुख्यमंत्री न बदलने के बाद भी ऐसा नहीं देखने को मिला की भाजपा अपना प्रदर्शन दोहरा पाई या बेहतर कर पाई वहीं पूरे देश में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भाजपा ने पुराने एहसानो को याद रखा और एक सच्चे सिपाही की तरह भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम किया काम किया। शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री रहते हुए भाजपा को वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में जीत दिलाई और यह कहना गलत नहीं होगा की शिवराज सिंह का चेहरा ही था जिसने मध्यप्रदेश में भाजपा को पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में कामयाबी दिलाई, वहीं जैसे ही प्रदेश में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिला वैसे ही शिवराज सिंह को मुख्यमंत्री नहीं बनाए जाने का पार्टी ने फैसला सुना दिया और डॉक्टर मोहन यादव वहां के मुख्यमंत्री बना दिए गए। बता दें की शिवराज सिंह चौहान की पहचान सफल प्रशासक के साथ विनम्र एवं मिलनसार नेता की रही है। वह 29 नवंबर 2005 को पहली बार एमपी के सीएम बने थे। उनकी अगुवाई में भाजपा ने 2008 और 2013 के विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत से जीत दर्ज की थी। वह 2018 के विधानसभा चुनाव में पार्टी का सीएम चेहरा थे। हालांकि इस चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिला था। इसके बाद कमलनाथ की सरकार बनी लेकिन सिंधिया के भाजपा में आने से यह सरकार गिर गई थी। फिर शिवराज ने अपनी सरकार बनाई थी। 2023 में जब शिवराज सिंह को मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया तो पूरे प्रदेश में लोगों के मन में उदासी का भाव देखने को मिला और भाजपा का इसे गलत अन्यायपूर्ण निर्णय बताया गया लेकिन जब खुद शिवराज सिंह ने इस निर्णय को स्वीकार कर लिया और पार्टी का नए चेहरे को मौका दिए जाने पर समर्थन प्रदान कर दिया गया तब प्रदेश के लोगों ने भी भाजपा के निर्णय को स्वीकार कर लिया और प्रदेश की सरकार नए मुख्यमंत्री के साथ आगे बढ़ने लगी। चुनाव आए लोकसभा के तो यह माना गया की भाजपा के चेहरा परिवर्तन के निर्णय का असर लोकसभा चुनाव के परिणाम पर जरूर पड़ेगा और पार्टी को कुछ सीटों पर नुकसान होगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ और पार्टी ने पूरे 29 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज कर यह साबित कर दिया की शिवराज सिंह ने पार्टी के निर्णय को सहर्ष बिना नाराजगी स्वीकार किया और इसीलिए उन्होंने पार्टी के लिए पूरे मन से काम किया और पूरी की पूरी सीटें प्रदेश की भाजपा के खाते में आ गईं। खुद कमलनाथ के गढ़ में उनके बेटे को चुनाव हारना पड़ा। शिवराज सिंह ने पूरे चुनाव में काफी मेहनत की उन्होंने प्रदेश में काफी सभाएं की और पार्टी प्रत्याशी के लिए पूरी मेहनत दिल से की। उनका ही चेहरा पुनः प्रदेश में विजय दिलाने में पार्टी को कारगर हुआ यह कहना गलत नहीं होगा। शिवराज सिंह ने मुख्यमंत्री पद चुनाव जीतकर दिलाने के बाद भी पार्टी के निर्देश कर छोड़ा लेकिन उन्होंने पार्टी के साथ भीतरघात नहीं किया जैसा अन्य जगह देखने सुनने को मिला। शिवराज सिंह की नाराजगी कहीं सुनाई नहीं दी बल्कि उनकी उर्जा और उनका समर्पण चुनाव के दौरान देखा गया।बात यदि अन्य राज्यों की की जाए तो राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी नेतृत्व परिवर्तन हुआ राजस्थान में पार्टी को काफी नुकसान हुआ और वहां मुख्यमंत्री पद के दावेदारों ने ही पार्टी को कमजोर किया यह माना जा रहा है वहीं उत्तर प्रदेश में यह माहौल बनाया गया की मुख्यमंत्री अन्य राज्यों की तरह उत्तर प्रदेश में भी बदल दिए जायेंगे और जिसके बाद लोकसभा चुनाव में इसका असर देखने को मिला और कहीं न कहीं पार्टी को बड़ी हार प्रदेश में सरकार होने के बावजूद मिली वहां यह माना जा रहा है। वैसे हरियाणा में भी यही हाल रहा पार्टी को नेतृत्व बदलने का ही नुकसान हुआ यह माना जा सकता है। कुल मिलाकर भाजपा या अन्य दलों के हिसाब से देखा जाए तो शिवराज सिंह को पार्टी का सच्चा किसी भी पार्टी का सच्चा सिपाही कहा जा सकता है वहीं राजनीति में पार्टी में अन्य को आगे बढ़ने देने का अवसर प्रदान करने वाला नेता कहा जा सकता है। उत्तर प्रदेश और राजस्थान सहित हरियाणा में जो कुछ देखने को मिला उसने वहां के वर्तमान नेतृत्व पर तो प्रश्न उठाया ही वहीं मुख्य पद की लालसा भी समझ में आई वहां क्यूंकि वहां की हार का कारण मुख्य पद की लालसा में पार्टी के निर्णय को मन से नहीं स्वीकारना माना जा रहा है। शिवराज सिंह अब केंद्र की राजनीति में अपनी योग्यता प्रतिभा और अनुभव का लाभ पार्टी और सरकार को पहुंचाएंगे वहीं उन्हे कृषि मंत्रालय का जिम्मा मिला है जिसका वह बेहतर निर्वहन करेंगे नाराज किसान संगठनों को वह उनके अनुसार प्रसन्न कर पाएंगे यह अब लगने लगा है क्योंकि शिवराज सिंह को एक बेहतर सामंजस्य स्थापित करने वाला साथ ही लोगों की मानसिकता समझने वाला नेता माना जाता है।पीएम मोदी की कैबिनेट में मंत्रियों को उनके विभागों का बंटवारा हो गया है। मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान को कृषि मंत्रालय दिया गया है। उन्हें एक और मंत्रालय की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान को कृषि मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। शिवराज के पास दो मंत्रालयों की जिम्मेदारी रहेगी। वह ग्रामीण विकास मंत्रालय की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। पिछले साल 5 वीं बार मुख्यमंत्री बनने से वंचित होने के बाद छठी बार विदिशा लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करने वाले शिवराज सिंह चौहाने रविवार को पहली बार केंद्रीय मंत्री के रूप में शपथ ली। कृषि मंत्रालय की कमान मिलने के बाद शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली स्थित मध्य प्रदेश भवन में भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। सनद रहे चुनावी अभियान शुरू होने से पहले ही पीएम मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि वह शिवराज को केंद्र में ले जाना चाहते हैं। अब पीएम मोदी ने शिवराज सिंह चौहान को अपनी कैबिनेट में महत्वपूर्ण मंत्रालय दिया है। माना जा रहा है कि शासन में शिवराज सिंह चौहान के लंबे अनुभव का लाभ सरकार को मिलेगा। इससे सरकार को कृषि क्षेत्र की चुनौतियों का समाधान करने में मदद मिलेगी। मामाजी के नाम से मशहूर शिवराज सिंह चौहान अपने विनम्र एवं मिलनसार स्वभाव के लिए जाने जाते हैं। शिवराज भाजपा के उन चंद नेताओं में शामिल हैं जिन्हें लंबे समय तक प्रदेश को चलाने का प्रशासनिक कौशल रहा है। शिवराज अपनी सादगी के लिए भी जाने जाते है। विदिशा में अक्सर पैदल चलने के कारण लोग उन्हें पांव पांव वाले भैया के नाम से भी जानते हैं। शिवराज सिंह चौहान को लाडली बहना जैसी लोकप्रिय योजना को लाने का भी श्रेय जाता है।



प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# एकता से होगा अखंड भारत का निर्माण



संजय
गोस्वामी
मुंबई,
महाराष्ट्र

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने नागपुर में आयोजितकार्यकर्ता विकासवर्ग प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर उन्होंने कहा,घमंड नहीं करना चाहिए जो बड़ा सेवक होता है वह मर्यादा के साथ चलता है। मर्यादा में रहते हुए कर्म का पालन करता है। वह कर्मों से लिपटा नहीं रहता है। उन्होंने कहा कि कर्म करने के बाद जिसे अहंकार नहीं आता है, वही सेवक बनने का अधिकारी होता है। उन्होंने मणिपुर के ऊपर भी सलाह दि और कहा की मणिपुर में पिछले 1 वर्ष से जो हिंसा हो रही है। उस पर चिंता जाहिर की। निश्चित रूप से उन्होंने सरकार से पूछा है, कि वहां की जमीनी हकीकत पर कौन ध्यान देगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने यह बयान तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने के बाद दिया है। जब तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता की बागडोर संभाल रहे है। यानी संघ और पीएम श्री मोदीजी को सलाह या बातों ही बातों में नसीहत दी है जब सरकार अभी ही बनी है मालूम है कि चुनाव से पहले बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ऐ कहा था कि बीजेपी अब मजबूत हो गई है संघ की जरुरत नहीं है लेकिन जब चुनाव परिणाम आए और बीजेपी बहुमत से 32 सांसदों की कमी हुई और एनडीए द्वारा 292की संख्या से सरकार बन गई लेकिन कहीं ना कहीं आपस में टकराव दिख रहा है जिससे विपक्ष को मज़ाक करने का मौका मिल गया है सही मे,मानव की सेवा करने का अपना आनन्द होता है। एक बार सेवा करने की आदत पड़ जाती है तो फिर छूटती नहीं। जो बिना किसी स्वार्थ दूसरो के दूसरों की सेवा करता है, उसका मुक़ाबला कोई नहीं कर सकता। सूरज बिना बदले की इच्छा रखे सबकों धूप और रोशनी देता है, चाँद ठंडक पहुँचाता है, धरती अन्न देती है, पानी जीवन देता है, हवा प्राण देती है। इनकी बराबरी कौन कर सकता है! धन की खोट आदमी को तब मालूम होती है, जब वह खरा बनने लगता है। खरा बनने का अर्थ यह नहीं है कि इंसान घरबार छोड़ दे, जंगल में चला जाय और भगवान के चरणों में लौ लगाकर बैठा रहे। बहुत-से लोग ऐसा भी करते हैं, पर यह रास्ता सबका रास्ता नहीं है। ज्यादातर लोग तो दुनिया में रहते है और उनका वास्ता अपने घर के लोगों से ही नहीं, दूसरों के साथ भी पड़ता है। खरा आदमी वह है, जो अपनी बुराइयों को दूर करता है और नीति का जीवन बिताते हुए अपने समाज के और देश के काम आता है। ऐसा आदमी सबकी सेवा करता है। जिसका हृदय निर्मल है, उसी में ऐसे महान् प्रेम का निवास रहता है। वैसे तो हम रोज़ प्रेम करते है; अपने बच्चों के, अपने सम्बन्धियों के, अपने मित्रों के प्रति प्रेम का व्यवहार करते है, लेकिन बारीकी से देखा तो वह असली प्रेम नहीं है। हमारे प्रेम में कर्त्तव्य की थोड़ी-बहुत भावना रहती है; पर साथ ही यह स्वार्थ भी कि हमारे बच्चे बड़े होकर बुढ़ापे का सहारा बनेंगें।सगे-सम्बन्धी मुसीबत में काम आवेंगे। अगर हमें यह भरोसा हो जाय कि हमारा काम दूसरों के बिना भी चल जायेगा तो सच मानिए, हमारे प्रेम का बर्तन बहुत-कुछ खाली हो जायेगा। ऐसा प्रेम हमारे जीवन में छोटी-मोटी सुविधाएँ पैदा कर सकता है, पर दुनिया को बाँध नहीं सकता।असली प्रेम तो वह है, जिसमें किसी प्रकार की बदले की भावना न हो। इतना ही नही, उसमें विरोधी के लिए भी जगह हो और सबके सुख-दुरूख में काम आएं। प्रभु श्री राम अपने भक्तों में कभी भेद नहीं करते , उन्होंने संसार में एक मर्यादा को स्थापित किया। सभी जीवो , जाति-प्रजाति को समान भाव से स्वीकार किया , उनका आदर किया। यहां तक की लंका की समस्त दानव जाति को मोक्ष देकर उन्होंने उसके राज्य को भी उनके उत्तराधिकारीयों को सौंप दिया। वह समाज में धर्म और मर्यादा की स्थापना करने के लिए अवतरित हुए। भगवान् बुद्ध ने न जाने कितनों की सेवा की। हज़रत मुहम्मद जहाँ भी दुरूख होता था, वहाँ फौरन पहुँच जाते गांधीजी परचुरे शास्त्री के घावों को अपने हाथों से साफ़ करते थे। ये मामूली घाव नहीं थे, कुष्ठ के थे; उनमें से मवाद निकलता था, लेकिन गांधीजी बड़े मानवता से शास्त्रीजी की सेवा करते थे। ऐसी मिसालें एक-दो, नहीं, सैकड़ों-हजारों है। जो मानव-जाति की सेवा करता है, उससे बड़ा धनी कोई नहीं हो सकता। सेवा की बड़ी महिमा है। धन से आप कुछ लोगों को अपनी ओर खींच सकते हैं, सेना से कुछ और ज्यादा पर विजय पा सकते हैं, लेकिन सारी दुनिया को तो सेवक ही जीत सकता है। सेवा के लिए पहली शर्त मानवता हैं, अर्थात जिसके दिल में मानवता हैं, वही सेवा कर सकता है। ष्मानवताष् शब्द का सरल शब्दों में मतलब है, मानव की एकता , इंसानियत, हर मानव, चाहे वह किसी भी धर्म का हो, जाती-पाती का हो, जितना संभव हो, इंसानियत के लिए कुछ जरूर करें। कभी भी अपने पद का दुरुपयोग न करें, अन्याय का विरोध करें और न्याय का साथ दें, हमेशा नियमों का पालन करेंगे, सर्वधर्म समभाव, एकता अखंडता, एक देश एक समाज के लिए काम करेंगे, आप कभी किसी का हक नहीं छीनेंगे, भ्रष्ट से दूर रहेंगे एंव स्वयं के व्यवहार संबंधी कार्यों का मूल्यांकन करें।

## सुख-दुख तो जीवन मे आनी-जानी है



प्रमेशदीप
मानिकपुरी
आमाचानी धमतरी
छत्तीसगढ़.

जीवन के हर पथ पर मिलते है कांटे
जाने कितने रंजो गम को इसमे बाँटे
भूल ना जाना जीवन की ये कहानी है
सुख-दुख तो जीवन मे आनी-जानी है
निश्चित ही आयेगा जग मे गम का मेला
लड़ना ही पडता है सबको यहाँ अकेला
क्या होगा आगे-2 किसने यहाँ जानी है
सुख-दुख तो जीवन मे आनी-जानी है
क्या होगा आगे क्यों सोच रहा है बन्दे
कर्म कर फल की इच्छा मत कर बन्दे
बहती रग-रग मे जैसे खूँ की रवानी है
सुख-दुख तो जीवन मे आनी जानी है
आज को जी ले कल किसने देखा है
कर्म से बदल जाती हाथो की रेखा है
वर्तमान को जीना सिखाती जवानी है
सुख-दुख तो जीवन मे आनी जानी है
आओ मिलकर हम एक नया आयाम दे
संघर्ष से जगत को एक नया पैगाम दे
पग-पग पर लिखनी रोज नई कहानी है
सुख-दुख तो जीवन मे आनी-जानी है

## क्या यही है चमत्कार



ओट्टेरी सेल्वा
कुमार
चेन्नई
तमिलनाडु

सूरज की ओर छाता पकड़ो
बरस गया बादल का पानी
बारिश वाले बादलों के
अँधेरे में पेड़ हिलते हैं
उस खेल का ब्रेक के दौरान
चिंता के बिना
हवा चल रही है वो
हवा की रफ़्तार
कूदना और दौड़ना
आकाश में बिजली
गड़गड़ाहट की आवाज़
सुनने के लिए
सात रंगों में
एक इंद्रधनुष बनाएं
वो आसमान...
बादल गरजे और बारिश हुई
बस वही इंद्रधनुष
यह खूबसूरत था
थोड़ा अमर...

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## पिता



मोनिका
डागा आनंद
,चेन्नई,
तमिलनाडु

बच्चों की बात झट से लेते मान,
पिता है खुला नीला आसमान,
परिवार की खुशियों की चमक,
घर का मान- सम्मान-अभिमान ।
जिनसे मिलती पहली पहचान,
सलाहकार, रक्षक, भगवान,
छांव में जिनके मिलती ठंडक,
घर की जगमग आन-बान-शान ।
जीवन हमारा करते पूरी उम्र प्रकाशवान,
अपने आंसुओं को छुपाते तप उनका महान,
राहों में हमारी गुलाब बिछाकर चुनते कंटक,
घर की मजबूत नींव-तेज-प्राण ।
गुरु, आदर्श, मित्र, शक्तिमान,
चेहरे पर दमकती जिनके हरदम मुस्कान,
मां की पायल, झुमके,चूड़ी की खनक,
घर का सौंदर्य आनंद-संगीत-मूलधन ।
न जाने सह जाते चुपचाप कितने तूफ़ान,
फिर भी पूरे करते हैं हमारे सारे अरमान,
वंदन करते हम चरणों में नतमस्तक,
घर को बनाते मधुबन तन-मन-धन ।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## दूर गये पिया-परदेशिया





अशोक पटेल
आशु
,शिवरीनारायण
(छ ग)

चमके बिजुरिया, गरजे बदरिया
बिन साजन के हिय-हुक लगाए
कुहके कोयलिया,बोले पपिहरा
प्रीत-पिया के यह संदेशा सुनाए।
दूर गये जब से पिया-परदेशिया
सजनिया घर में आँख बिछाए
प्रवासी पंछियां तो लौट चले हैं
पर सजना क्यों नही लौट आए।
झांके-झरोखे से विरहीन सजनी
चौखट को, बार-बार निहारे हैं।
उमड़-घूमड़ कर, यह बदरा बैरन
क्यों इतना बरसे, आँगन द्वारे हे।
बिजुरिया चमके, बदरिया बरसे
पिया के मिलन की, याद सताए
न जाने कब आएंगे, यह साजन
सोंच के यह नयन, नीर बरसाए।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## निःस्वार्थ प्रेम प्रेम ही जीवन है



महेन्द्र साहू
खलारीवाला
गुण्डरदेही
बालोद छ ग

निःस्वार्थ प्रेम प्रेम ही जीवन है,
प्रेम एक साधना है।
प्रेम ही उपासना है,
प्रेम एक आराधना है।।
प्रेम एक एहसास है, प्रेम से जुड़ी हर श्वांस है।
दो आत्माओं का मिलन, प्रेम एक विश्वास है।।
प्रेम में ही मित्रता है,
प्रेम से मिटती शत्रुता।
प्रेम एक मधुरस है,
इसमें नहीं है कटुता।।
प्रेम कुबड़ी की आस्था,प्रेम शबरी का विश्वास है।
प्रेम गोपियों की रास है,अवध में प्रेम उजास है।।
प्रेम कृष्ण की मीरा है,
प्रेम कृष्ण की राधा है।
प्रेम होता है निःस्वार्थ,
प्रेम बिना सब आधा है।।
प्रेम सार सर्वत्र है,प्रेम से जीवन उन्नत है।
प्रेम से ही जन्नत है, प्रेम से मिलती हर मन्नत है।
प्रेम होता निर्मल,निश्छल,
प्रेम ईश्वर का रूप है।
प्रेम है एक संजीवनी,
प्रेम की गाथा अनूप है।।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## बेटियां



श्याम सुंदर साहू
प्राचार्य
राजिम जिला
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

बेटियों के जन्म पर,
क्यों करते हो तुम गम?
आजकल की बेटियां,
नही होती किसी से कम।।
मां-बाप सहित घर की,
बेटियां होती है शान।
अपनी काबिलियत से,
बढाती है मान सम्मान।।
बेटियां बागों में खिली,
उस फूल जैसी लगती है।
जिसकी सुन्दर महक से,
घर आंगन महकती है।।
बेटियां दुश्मन से लड़ने,
लक्ष्मीबाई बन जाती है।
राक्षसों का संहार करने,
रणचंडी बन जाती है।।
बेटे ही नहीं बेटियां भी,
बूढ़े का सहारा होती है।
माता-पिता की सेवा कर,
अपना फर्ज निभाती है।।
बेटी और बहु बनकर,
दोनों घर को संवारती है।
भाग्यशाली होते है वे लोग,
जिनके यहां बेटियां होती है।।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# नए सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी का अंबिकापुर से है पुराना रिश्ता

## सरस्वती शिशु मंदिर में कक्षा पांचवीं में कर चुके हैं पढ़ाई



**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर, 12 जून 2024 (घटती-घटना)।**

अंबिकापुर सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में 1972 में कक्षा पांचवीं में पढ़ाई कर चुके लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी देश के नए सेना प्रमुख नियुक्त किए गए हैं। 51 वर्ष पूर्व ये माइनिंग ऑफिसर पिता के ट्रांसफर के बाद अंबिकापुर आए थे और सरस्वती शिशु मंदिर में कक्षा 5वीं की पढ़ाई की थी। ये सन 1972 में वे जनरल मनोज पांडे की जगह लेंगे। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी को चीन और पाकिस्तान से लगी सीमाओं का बेहतर ऑपरेशनल अनुभव है। वर्तमान में वह सेना के वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टॉफ के रूप में काम कर रहे हैं, जनरल मनोज पांडे 30 जून को रिटायर होने वाले हैं। वरिष्ठता के आधार पर श्री द्विवेदी को इस पद के लिए चुना गया है। वर्तमान में वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टॉफ के रूप में कार्यरत लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी को 30 जून से अगला सेना प्रमुख नियुक्त किया है। लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के सेना प्रमुख चुने जाने के बाद 51 वर्ष पूर्व अंबिकापुर की यादें ताजा हो गई। इनके पिता श्रीकृष्ण द्विवेदी माइनिंग अधिकारी थे। उनके स्थानांतरण के दौरान जनरल उपेन्द्र द्विवेदी पिता के साथ 1972 में अंबिकापुर आए थे। यह पिता के साथ गांधी चौक स्थित शाकीय आवास में रहते थे। पिता ने इनका दाखिला सरस्वती शिशु मंदिर में कक्षा पांचवीं में कराया था। जो कि स्कूल के रिकॉर्ड आज भी दर्ज है। स्कूल के वर्तमान प्राचार्य मीरा साहू ने रिकॉर्ड के आधार पर बताया कि उपेन्द्र द्विवेदी मूलतः रींवा मप्र के रहने वाले हैं। उन्होंने पांचवीं बोर्ड की परीक्षा यहां से पास की थी। उस समय स्कूल के प्राधानाचार्य कपीलदेव नारायण पांडेय थे। एक वर्ष रहने के बाद पिता का वापस रीवां क्षेत्र में तबादला होने पर वे यहां से चले गए और पांचवी की प्राविण्यता के आधार पर सैनिक स्कूल रींवा में छठवीं में प्रवेश ले लिया और वहीं से हायर सेंकडरी पास कर सैन्य कॉलेज में स्नातक उपरांत भारतीय सेना में कमीशन लिया। उनके सहपाठियों के अनुसार बचपन से ही नेतृत्व के गुण और गंभीर रहे हैं।

# जहर सेवन से युवा दंपति की मौत,गांव में है शोक की लहर



**- संवाददाता -**
**बलरामपुर, 12 जून 2024 (घटती-घटना)।**

बलरामपुर रामानुजगंज मुख्या लय के रामचंद्रपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत डिंडो के युवा दंपति ने जहर सेवन कर आत्महत्या कर लिया है। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। युवा दंपति के द्वारा अचानक इस प्रकार का कदम क्यो उठाया गया इसका अभी तक पता नहीं चल सका है।

जानकारी अनुसार डिंडो के राकेश गुप्ता 28 वर्ष की शादी करीब 4 वर्ष पूर्व ग्राम मेंढारी की अंजू गुप्ता से हुआ था। राकेश भाजपा युवा मोर्चा में मंडल सनावल का पदाधिकारी भी था एवं वह अंबिकापुर के निजी चिकित्सालय में भी कार्य करता था व अंबिकापुर में ही रहता था। राकेश मंगलवार के ढाई बजे के करीब अंबिकापुर से गांव में अपनी पत्नी एवं 3 साल के बच्चे के साथ आया था,घर पर अपने पिता के गोद में बच्चे को दे कमरे में पति-पत्नी चले गए जहां तेज साउंड में टीवी चालू करके जहर का सेवन कर लिए। जिससे दोनों की स्थिति बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि अंजू की मौके पर ही मौत हो गई वहीं राकेश को वाड्रफनगर हॉस्पिटल ले जाने के दौरान मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। दम्पति द्वारा यह कदम क्यों उठाया गया इसका पता नहीं चल सका है।

# मुंबई में आयोजित 22 में अंतरराष्ट्रीय जीत कुन-डो में सरगुजा के चार खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड



**» साक्षी साहू ने इस बार भी लहराया जीत का परचम**

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर, 12 जून 2024 (घटती-घटना)।**

मुंबई में 22वीं अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स जीत कुन-डो चैंपियनशिप के आयोजन में सरगुजा से शामिल 7 खिलाड़ियों में से चार खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल हासिल किया है। इसके अलावा दो सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल खिलाड़ियों ने हासिल किया। बड़ी बात यह है कि इस बार भी सरगुजा की छात्र अंबिकापुर मणिपुर क्षेत्र की साक्षी साहू ने इस अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स गेम में जीत का परचम लहराते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। साक्षी साहू ने पहले भी कई गोल्ड मेडल हासिल कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। छत्तीसगढ़ स्पोर्ट्स जीत जीत कुन-डो एसोसिएशन के तत्वावधान में राज्य टीम के चयनित 9 सदस्यीय टीम 8 जून एवं 9 जून को अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, अंधेरी, मुंबई में 22वीं अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स जीत कुन-डो चैंपियनशिप में शामिल हुई थी। सरगुजा से अनुज बेक, मो. तौकीर रजा, साक्षी साहू, आराधना मुंडा, अनुष्का सिंह, नताशा राव, तन्मय प्रधान (7 वर्ष के नीचे) व टीम कोच अनिल बर्नवाल, टीम मैनेजर जीवनत्ती प्रधान व महिला कोच साक्षी साहू की टीम के साथ इस स्पर्धा में भारत,नेपाल, श्रीलंका, भूटान, मलेशिया और बांग्लादेश के तकरीबन 500 खिलाड़ी भाग लिए थे। मो. तौकीर रजा, साक्षी साहू, अनुष्का सिंह,नताशा राव ने प्रतियोगिता में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया है। तन्मय और अनुज बेक सिल्वर व आराधना मुंडा ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में सफलता हासिल कर लौटे खिलाड़ियों का रेलवे स्टेशन में ही जोरदार स्वागत किया गया।



# सरगुजा एसपी का तबादला अब ये होंगे सरगुजा के नए एसपी साथ ही बलौदाबाजार के कलेक्टर एसपी का भी तबादला

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर, 12 जून 2024 (घटती-घटना)।**

छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार जिले में बड़े पैमाने में हिंसा के बाद सरकार तगड़े एक्शन में दिख रही है जिले में हुए हिंसा के खिलाफ लगभग 200 से ज्यादा लोगों पर कार्यवाही की जा चुकी है उसके बाद सरकार ने जिले के कलेक्टर और एसपी की छुट्टी कर दी है।

बता दें की जिले के कलेक्टर के एल चौहान की जगह अब दीपक सोनी को बलौदा बाजार कलेक्टर की जिम्मेदारी मिली है। साथ ही एसपी सदानंद कुमार की जगह अब सरगुजा में पदस्थ विजय अग्रवाल को जिले का एसपी बनाया गया है।

वहीं सरगुजा के नए एसपी 2018 बैच के IPS योगेश पटेल अब सरगुजा के नये एसपी होंगे। योगेश पटेल अभी माना रायपुर के कमांडेंट थे।

# एक चिकित्सक व 4 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी



**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर, 12 जून 2024 (घटती-घटना)।**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरगीडीह के एक चिकित्सक व कर्मचारियों की मनमानी सामने आई है। बिना सूचना के एक चिकित्सक व कर्मचारी कई दिनों से ड्यूटी से लापाता थे। बीएमओ डॉ. राघवेन्द्र चैबे जब मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरगीडीह निरीक्षण पर पहुंचे तो चिकित्सक व कर्मचारियों की लापरवाही का पता चला। उन्होंने एक चिकित्सक व 4 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

जिले के लुण्ड्रा विकासखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरगीडीह में पदस्थ डॉ. अनुमेश मिश्रा उच्चाधिकारियों के बिना सूचना के 1 जून से अस्पताल से लापता थे। इसी तरह उर्मिला सिंह जो आरएचओ पद पर पदस्था है। वह 29 मई से 7 जून तक लापता थी। एमएलटी राजेंद्र प्रसाद भी बिना सूचना के गायब रहने की जानकारी बीएमओ को मिली थी। इसी तरह किशन और नर्सिंग स्टाफ शिला पटेल भी गायब थे। लुण्ड्रा बीएमओ राघवेंद्र चौबे मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरगीडीह निरीक्षण पर पहुंचे तो मामले की जानकारी हुई। अधिकांश स्टाफ ड्यूटी के दौरान गायब थे। बीएमओ ने डॉ. अनुमेश मिश्रा सहित चार कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एक महिला मरीज ने बीएमओ से शिकायत की थी। महिला मरीज 10 जून की सुबह सडक् दुर्घटना होने पर इलाज कराने बरगीडीह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गई थी। वहां ड्यूटी में कर रही नर्स ने इलाज करने से मना कर दी थी। शिकातय मिलने पर बीएमओ डॉ. राघवेंन्द्र चौबे बरगीडीह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निरीक्षण करने गए थे। निरीक्षण के दौरान ये सब लापरवाही सामने आई है।



# नाले को पाटकर किया गया था अतिक्रमण

## प्रशासनिक टीम ने अतिक्रमण पर चलवाया जेसीबी

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर, 12 जून 2024 (घटती-घटना)।**

नगर निगम क्षेत्र नमनाकला हाउसिंग बोर्ड के आगे नाला के समीप गंगापुर में 7 लोगों द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर निर्माण कराया जा रहा था। इसकी जानकारी होने पर नगर निगम व राजस्व विभाग द्वारा पूर्व में मौके पर पहुंच कर अतिक्रमण न करने का निर्देश दिया गया था। वहीं अतिक्रमणकारियों को नोटिस भी दिया गया था। नोटिस के बावजूद भी अतिक्रमण खाली करने के बजाए निर्माण कार्य कराया जा रहा था। बुधवार को एसडीएम फागेश सिंहा, नगर निगम आयुक्त प्रकाश सिंह राजपूत, भवन अधिकारी प्रदीप पैकरा टीम के साथ मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। हाउसिंग बोर्ड के आगे नाला के समीप काफी दिनों से अतिक्रमण का कार्य चल रहा है। अतिक्रमणकारियों ने नाले की जमीन को पाट कर तीन से चार कमरों का घर बना रखा था। निगम आयुक्त प्रकाश सिंह राजपूत ने बताया कि लोगों को अतिक्रमण खाली करने के लिए दो से तीन बार नोटिस दिया गया था। इसके बावजूद भी अतिक्रमण इनके द्वारा नहीं हटाए जाने पर प्रशासनिक टीम द्वारा जेसीबी से अतिक्रमण हटाया गया है। मकान में कोई नहीं रह रहा था। केवल अतिक्रमण कर रखा था। अतिक्रमण करने वालों में धनंजय सोनी,संतोष गोस्वामी,जितू सोनी,महेश एक्का, पिंटू रवि,जितेंद्र सोनी,मिशनरीज संस्था सेंट इग्नू का नाम शामिल है। इनके द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर निर्माण कराया गया था। जिसे प्रशसनिक टीम द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया गया है।

# अनुकंपा नियुक्ति मिलने पर महिला ने बच्चे और पति को छोड़ा

## पति ने फर्जी नौकरी का आरोप लगा कलेक्टर और आधिकारियो से की शिकायत



**- संवाददाता -**
**लखनपुर, 12 जून 2024 (घटती-घटना)।**

उत्तर प्रदेश बरेली की SDM ज्योति मौर्य का बहुचर्चित मामला बीते दिनों मीडिया में सुर्खियां बटोर रहा था। एसडीएम ज्योति मौर्य नौकरी मिलते ही अपने पति को छोड़ दी थी ऐसा ही मामला सरगुजा जिले में देखने को मिला है जहां अनुकंपा नियुक्ति मिलने के बाद महिला अपने पति और बच्चे को छोड़कर चली गई। आश्चर्य की बात तो यह है कि पति उसकी नौकरी को भी फर्जी तरीके से मिलने का आरोप लगाया है। दरअसल लखनपुर विकासखंड के ग्राम तराजू के रहने वाले दीपक राजवाड़े ने पूरे मामले में आरोप लगाते हुए बताया है कि स्वर्गीय समुद्री बाई अनुविभागीय अधिकारी श्याम नहर उप संभाग क्रमांक 1 अंबिकापुर में पत्र वाहक के पद पर कार्यरत थीं 24/8/2018 को आकस्मिक निधन हो गया। स्वर्गीय समुद्री बाई के कुल जीवित संतान 7 थे। जो अपने जीवन काल में सभी का शादी विवाह कर सबका अलग-अलग घर बसा दी थी लेकिन मृत्यु उपरांत स्वर्गीय समुद्री बाई की छोटी पुत्री षडयंत्र पूर्वक सभी भाई बहन का सहमति बनाकर आविवाहित होकर अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त की है। समुद्री बाई की सबसे छोटी पुत्री सुलोचनी राजवाड़े जो की दीपक राजवाड़े की पत्नी है अनुकंपा नियुक्ति को पाने के लिए शादीशुदा होते हुए भी सुलोचनी राजवाड़े खुद को कुंवारी बता कर अपने पति के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेजो के माध्यम से षडयंत्र पूर्वक अनुकंपा नियुक्ति को प्राप्त कर ली। मामले का खुलासा तब हुआ जब दीपक रजवाडे की पत्नी अनुकंपा की नौकरी प्राप्त कर उसे और उसके बच्चे को छोड़कर चली गई। जब बात नहीं बनी तब पति दीपक राजवाड़े ने आयुक्त सरगुजा सूरजपुर कलेक्टर व कार्यालय अभियंता जल संसाधन क्रमांक 1 अंबिकापुर में शिकायत किया है। बहरहाल अब तक मामले में किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई है यदि सही तरीके से जांच की जाए तो प्राप्त की गई अनुकंपा नियुक्ति समाप्त हो सकती है।पति दीपक राजवाड़े आज भी पत्नी सुलोचनी राजवाडे के वापस आने का इंतजार कर रहा है। अब देखने वाली बात होगी कि इस मामले में किस प्रकार की कार्रवाई सुलोचनी राजवाड़े पर की जाती है। दीपक राजवाड़े ने बताया की छोटी बच्ची को भरण पोषण करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# घरेलू विवाद को लेकर युवक पर कांच के बोतल से प्राण घातक हमला



**- संवाददाता -**
**लखनपुर, 12 जून 2024 (घटती-घटना)।**

लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पुहपुटरा में मंगलवार की रात घरेलू विवाद को लेकर युवक पर कांच की बोतल से प्राण घातक हमला कर घायल कर दिया डायल 112 की टीम के द्वारा घायल युवक को उपचार हेतु लखनपुर अस्पताल दाखिल कराया गया। बुधवार को लखनपुर थाने पहुंचे घायल के परिजन ने रिपोर्ट दर्ज कराया लखनपुर पुलिस रिपोर्ट दर्ज करते हुए मामले की जांच में जुटी है। मिली जानकारी के मुताबिक राहुल रजक पिता सुखसाय रजक उम्र लगभग 26 वर्ष ग्राम पुहपुट्रा निवासी मगंलवार की रात घर से बाहर निकाला घरेलू विवाद को लेकर युवक के बड़े पिताजी के लड़के नरेंद्र और सरजू रजक ने कांच की बोतल से सर में हमला कर लहू लोहान कर दिया। और सर में गंभीर चोटे आई परिजनों की सुचना पर डायल 112 की टिम मौके पर पहुंची और घायल को उपचार हेतु लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए प्राथमिक उपचार करते हुए युवक को भर्ती किया गया बुधवार को घायल युवक के परिजन लखनपुर थाना पहुंच रिपोर्ट दर्ज कराया गया लखनपुर पुलिस रिपोर्ट दर्ज करते हुए मामले की जांच में जुटी है।

# बलरामपुर के तातापानी में मौत बनकर दौड़ी ट्रक

**बलरामपुर के तातापानी में मौत बनकर दौड़ी ट्रक**




**- संवाददाता -**
**बलरामपुर, 12 जून 2024 (घटती-घटना)।**

तातापानी पुलिस चौकी इलाके में बुधवार को एक तेज रफ्तार ट्रक काल बनकर सड़क पर दौड़ा। बेकाबू ट्रक ने पहले तो एक सवार को अपनी चपेट में लिया जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घबराए ट्रक ड्राइवर ने दोगुनी रफ्तार से ट्रक को भगाया जिससे चार से पांच और लोग गाड़ी की चपेट में आ गए। हादसे में घायल लोगों को जामवंतपुर पीएचसी में भर्ती कराया गया है । जहां सभी का इलाज जारी है. पुलिस के मुताबिक घटना के बाद पकड़े जाने के डर से ट्रक का ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस की टीम अब फरार ड्राइवर की तलाश में जुट गई है।

काल बनकर सड़क पर दौड़ा ट्रकः पुलिस के मुताबिक ट्रक रामानुजगंज के राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 343 पर तेज रफ्तार से जा रहा था। सुबह दस बजे के करीब ड्राइवर ने हाइवे पर ट्रक के ऊपर से अपना नियंत्रण खो दिया। ट्रक ने सामने से आ रही बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। बाइक पर सवार युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक युवक का नाम एजाज अहमद है। एजाज अपने दोस्त के साथ बाइक से रामानुजगंज आया था और वापस अंबिकापुर लौट रहा था। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में एजाज की मौत हो गई जबकी पीछे बैठा उसका दोस्त हादसे में बाल बाल बच गया। भागने के क्रम में ड्राइवर ने कई और लोगों को टक्कर मार दी।

**पुलिस चौकी की बैरिकेडिंग तोड़कर भागा ड्राइवर**


हादसे वाली जगह से कुछ आगे पुलिस की चौकी की बैरिकेडिंग थी ट्रक ड्राइवर बैरिकेडिंग तोड़कर वहां से भागा। भागने के क्रम में ट्रक का टायर अंवराझारिया घाट से पहले फट गया व टायर फटते ही ड्राइवर गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची साथ ही मर्ग कायम कर लिया गया है। हादसे में एक युवक की जान चली गई है। घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है। ट्रक को कब्जे में लेकर फरार ड्राइवर की भी तलाश की जा रही है।

**- हिम्मत सिंह शेखावत, जांच अधिकारी**

# कुवैत के मंगाफ शहर की इमारत में लगी भीषण आग 40 की मौत

## पीएम मोदी के निर्देश पर राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन कुवैत का करेंगे दौरा



**कुवैत,12 जून 2024।** बुधवार तड़के दक्षिणी कुवैत के मंगाफ शहर में श्रमिकों के आवास वाली एक इमारत में आग लग गई, जिसमें कई भारतीयों सहित कम से कम 49 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक घायल हो गए। कथित तौर पर इमारत में लगभग 160 लोग रहते थे, जो एक ही कंपनी के श्रमिक थे।

मेजर जनरल ईद रशीद हमद ने बताया कि घटना की सूचना स्थानीय समयानुसार सुबह 6:00 बजे (0300 GMT) अधिकारियों को दी गई। अधिकारियों ने बताया कि आग कुवैत के दक्षिणी अहमदी गवर्नरेट के मंगाफ इलाके में छह मंजिला इमारत की रसोई में लगी। कुवैती स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि आग के कारण करीब 43 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनमें से चार लोगों की मौत हो गई है।

सोशल मीडिया साइट एक्स पर घटना के बारे में पोस्ट करते हुए, पीएम मोदी ने अपनी संवेदना व्यक्त की और एक्स पर पोस्ट किया कि कुवैत शहर में आग दुर्घटना दुखद है। मेरी संवेदनाएँ उन सभी के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूँ कि घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हो जाएँ। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा,पीएम मोदी के निर्देशानुसार,विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह आग त्रासदी में घायल लोगों की सहायता की निगरानी करने और स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के लिए कुवैत का दौरा करेंगे।

### कांग्रेस ने पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने का आग्रह किया

कांग्रेस ने बुधवार को कुवैत में एक बड़ी इमारत में आग लगने से कई भारतीयों सहित कई लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया और विदेश मंत्रालय से भारतीय पीड़ितों और उनके परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने का आग्रह किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कुवैत में हुई भयानक त्रासदी से दुखी हूं, जहां कई भारतीय मजदूरों की जान चली गई है और कई घायल बताए जा रहे हैं। पीड़ितों के परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदनाएं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं घायलों के साथ हैं। उन्होंने कहा, हम विदेश मंत्रालय से पीड़ितों और उनके परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने का ईमानदारी से आग्रह करते हैं।

कांग्रेस महासचिव और संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल ने कहा, कुवैत में एक श्रमिक शिविर में आग लगने के कारण हमारे साथी भारतीय नागरिकों की जान जाने की खबर से बहुत दुख हुआ। मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। मैं विदेश मंत्रालय से आग्रह करता हूं कि इस दुर्घटना में घायल हुए लोगों की तत्काल सहायता की जाए और सभी पीड़ितों और उनके परिवारों को उचित मुआवजा सुनिश्चित किया जाए। वेणुगोपाल ने कहा कि यह घटना मध्य पूर्व में भारतीय मजदूरों की भयावह स्थिति की याद दिलाती है।

केरल के अलप्पुझा से सांसद ने कहा, सरकार को अपने समकक्षों के साथ मिलकर हमारे नागरिकों की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए जिसमें उचित आवास सुविधाएं, पर्याप्त सुरक्षा सावधानियां और सुविधाएं शामिल हों, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें।




### केरल के शमीर की मौत

केरल के कोल्लम के शमीर नामक एक व्यक्ति की बुधवार तड़के दक्षिणी कुवैत में एक इमारत में लगी आग में मौत हो गई।

### केरल के सीएम पिनाराई विजयन ने केंद्र से हस्तक्षेप की मांग की

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर को पत्र लिखकर कुवैत आग की घटना में केंद्र से हस्तक्षेप करने की मांग की है। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, उन्होंने यह भी संकेत दिया कि इस त्रासदी में मरने वालों में मलयाली भी शामिल थे।

### कुवैत शहर में आग दुर्घटना दुखद है,पीएम मोदी ने कहा



आग लगने की घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, जिसमें कम से कम 41 लोग मारे गए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर कहा, कुवैत शहर में आग लगने की घटना दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। कुवैत में भारतीय दूतावास स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और प्रभावितों की सहायता के लिए वहां के अधिकारियों के साथ काम कर रहा है।

### राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह कुवैत के लिए रवाना

विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशानुसार... हम आग त्रासदी में घायल हुए लोगों को सहायता प्रदान करने तथा इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में मारे गए लोगों के पार्थिव शरीरों को शीघ्र वापस लाने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए तत्काल कुवैत के लिए रवाना हो रहे हैं।

### कुवैत में भारतीय राजदूत ने अल-अदन अस्पताल का किया दौरा





भारतीय राजदूत आदर्श स्वेका ने कुवैत के अल-अदन अस्पताल का दौरा किया। अधिकारियों के अनुसार, घायल हुए 30 से अधिक भारतीय श्रमिकों का वर्तमान में उपचार चल रहा है। अधिकारियों ने कहा- अस्पताल अधिकारियों ने बताया कि लगभग सभी की हालत स्थिर है।

### जयशंकर ने कुवैत में घर में आग लगने से मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, कुवैत सिटी में आग लगने की घटना की खबर से गहरा सदमा लगा है। कथित तौर पर 40 से अधिक लोगों की मौत हो गई है और 50 से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती हैं। हमारे राजदूत शिविर में गए हैं। उन्होंने आगे कहा– हम आगे की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। उन लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना है जिन्होंने दुखद रूप से अपनी जान गंवाई है। जो लोग घायल हुए हैं उनके शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हमारा दूतावास इस संबंध में सभी संबंधितों को पूरी सहायता प्रदान करेगा।

## पुलिस महानिरीक्षक यातायात छत्तीसगढ़ नेहा चंपावत द्वारा ली गई वर्चुअल बैठक

- बैठक सरगुजा पुलिस के यातायात नोडल अधिकारी एवं यातायात प्रभारी हुए शामिल
- वर्ष 2023 एवं वर्ष 2024 तक मे हुए सड़क दुर्घटनाओ की आईरेड पोर्टल मे शत प्रतिशत प्रविष्टि हेतु बैठक का किया गया था आयोजन
- हिट एण्ड रन के मामलों में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों का पालन कराने के साथ साथ राहत राशि हेतु 30 दिनों के भीतर आवेदन प्रस्तुत करने दिए गए निर्देश
- बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात नियमों के प्रति वाहन चालकों को जागरूक करने दिए गए दिशा निर्देश
- अधिकतम दुर्घटनाओं वाले थानों को चिन्हाकिंत कर सम्बंधित थानों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से कार्यवाही करने चलाया जायगा अभियान



**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,12 जून 2024 (घटती-घटना)।**

छ.ग. में लोकसभा निर्वाचन समाप्त होने पश्चात् आज दिनांक 12 जून 24 को पुलिस महानिरीक्षक यातायात छ.ग. सुश्री नेहा चंपावत एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक यातायात छ.ग. संजय शर्मा द्वारा ऑनलाईन माध्यम से राज्य के सभी जिलों के यातायात नोडल अधिकारी एवं यातायात प्रभारियों की वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक का मुख्य एजेण्डा वर्ष 2023 एवं 2024 में माह मार्च तक हुई कुल सड़क दुर्घटनाओं की आईरेड पोर्टल में शत् प्रतिशत प्रविष्टि एवं माह अप्रैल व मई 2024 तक में घटित सड़क दुर्घटनाओं की आई रेड पोर्टल में प्रविष्टि कराना एवं हिट एण्ड रन के मामलों में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुये राहत राशि हेतु सभी आवश्यक दस्तावेजों को दुर्घटना घटित होने के 30 दिवस के भीतर मोटर एक्सीडेंट ट्राईब्यूनल को भेजना अनिवार्य है। सभी थाना/चौकी प्रभारियों को ऐसे दुर्घटना के मामलों को समय-सीमा में पेश करें तथा घटना होने उपरान्त तत्काल मौके पर जाकर सभी वैधानिक कार्यवाही, फोटो-वीडियों, आईरेड डाटा इंट्री के साथ करने के निर्देश दिया गया है। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात नियमों के प्रति वाहन चालकों को जागरूक करने हेतु बताया गया। बैठक में अधिकतम दुर्घटना का समय शाम 06 बजे से रात्रि 09 बजे के मध्य होना पाया गया है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में रणनीति पर चर्चा करते हुये मास्टर ट्रेनर द्वारा सभी थाना/चौकी क्षेत्रों में अच्छे नागरिको (गुड सेमेरिटन) व्यक्तियों की पहचान कर, उन्हे घायल व्यक्तियों के तात्कालीन उपचार की जानकारी देते हुये घायल को जल्द से जल्द चिकित्सा हेतु नजदीकी अस्पताल भेजवाने की व्यवस्था कराने हेतु प्रशिक्षण दिया जाना है। वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग नहीं करने वाले, मालवाहक वाहनों में सवारी बैठाकर ले जाने वाले, तेज गति से वाहन चलाने वाले, पार्किंग लाईट व रेडियम रिफ्लेक्टर टेप नहीं लगाये हुये, हाईवे व रोड़ किनारे खड़े हैवी मध्यम आकार वाले वाहनों एवं वाहन चालकों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाते हुये कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। अधिकतम दुर्घटनाओं वाले थानों को चिन्हाकिंत कर उन थानो के साथ मिलकर संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुये वाहन चालकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने बताया गया है। साथ ही साथ थाना/चौकी में कार्यरत विवेचना अधिकारी को ई-डार व आई-रेड की प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया है। उक्त बैठक में सरगुजा जिले के नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो, उप पुलिस अधीक्षक अमित पटेल, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक शुभम तिवारी, यातायात प्रभारी विजय कैवर्त्य एवं आई-रेड के डीआरएम शिवराम परिडा उपस्थित रहें।

सरगुजा जिले के सभी थाना/चौकी व यातायात प्रभारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने की दिशा में प्रभावी तौर पर कार्य किया जा रहा है। सभी सड़क दुर्घटनाओं के संबंध में पूर्ण विवरण आई-रेड पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। साथ ही साथ यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है।



## शादी का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म करने के मामले मे आरोपी को किया गया गिरफ्तार

- थाना लखनपुर पुलिस टीम द्वारा मामले मे आरोपी के विरुद्ध की गई सख्त वैधानिक कार्यवाही
- महिला सम्बन्धी अपराधों मे शामिल आरोपियों के विरुद्ध सरगुजा पुलिस द्वारा की जा रही लगातार सख्त कार्यवाही

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,12 जून 2024 (घटती-घटना)।**

सरगुजा पुलिस द्वारा जारी अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत आपराधिक गतिविधियों मे संलिप्त संदेहियो/आरोपियों पर लगातार सखुती से कार्यवाही की जा रही हैं, इसी क्रम मे मामले का संछिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि प्रार्थिया दिनांक 11/06/24 कों थाना लखनपुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि पिड़िता की जानपहचान कुछ वर्ष पूर्व जयपुर थाना लखनपुर निवासी नंदकेश्वर पैकरा से हुई थी, जानपहचान होने के बाद दोनों मोबाइल से बातचीत करते थे, कि घटना दिनांक 24/10/23 कों आरोपी नंदकेश्वर पैकरा पिड़िता कों पसंद करने की बात बोलकर शादी करने का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया हैं, घटना दिनांक के पश्चात भी आरोपी द्वारा दिनांक 01/06/24 तक पीड़िता को लगातार शादी का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म की घटना कारित की गई हैं, और अब आरोपी नंदकेश्वर पैकरा पिड़िता से शादी करने से इंकार कर रहा हैं, मामले मे प्रार्थिया के रिपोर्ट पर थाना लखनपुर मे अपराध क्रमांक 120/24 धारा 376 (2-एन ), 450 भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था, पुलिस टीम के सतत प्रयास से मामले के आरोपी कों पकड़कर पूछताछ किया गया, जो आरोपी द्वारा अपना नाम नंदकेश्वर पैकरा उम्र 19 वर्ष साकिन जयपुर थाना लखनपुर जिला सरगुजा का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर अपराध घटित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी लखनपुर निरीक्षक अश्वनी सिंह ,उप निरीक्षक एल. आर. चौहान, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र जांगड़े, आरक्षक राजेंद्र प्रसाद, बन्दे केरकेट्टा शामिल रहे।


## चिकित्सालय में चल रहा मनमानी का खेल

### आम आदमी पार्टी ने किया आंदोलन

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,12 जून 2024 (घटती-घटना)।**







250 किलोमीटर की परिधि में स्थापित सरगुजा संभाग का एकमात्र मेडिकल कॉलेज जहां की संभाग के अलावा सीमावर्ती राज्य झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश , मध्य प्रदेश के मरीज भी यहां इलाज कराने आते है। प्रारंभ में जब किसी डॉक्टर की नियुक्ति की जाती है तब डॉक्टर इस आदिवासी बहुल क्षेत्र आने के लिए आनाकानी करते हैं लेकिन किसी तरह आ गए तो कुछ ही दिनों में वे यहां से जाना पसंद नहीं करते है। कारण यह है इस अंचल में भोले भाले लोग निवासरत है और मजबूरन यहां चिकित्सा कराने के लिए बाध्य होते हैं यहां के डॉक्टर इन भोले भाले लोगों से शीघ्र चिकित्सा लाभ पहुंचाने की बात कह कर संभाग में स्थापित अन्य चिकित्सालय एवं पैथोलैब में भेजते हैं जहां इन्हे मोटी रकम कमीशन के रूप में मिलती है। महीनों से मिल रहे शिकायत कि यहां के डॉक्टर अन्य अस्पतालों में मरीज को भेजते हैं । पार्टी के द्वारा संज्ञान लेते हुए इसकी पुष्टि की तथा संबंधित अधिकारी चिकित्सा अधीक्षक एवं डीन को इस बात की शिकायत की तथा इस पर रोक लगाने की मांग की है। तीन सप्ताह से अधिक हो जाने के बाद अधिकारियों द्वारा कोई रुचि नहीं लेने पर पार्टी बाध्य होकर आज दिनांक को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। गौर तलब है कि चिकित्सा महाविद्यालय में पदस्थ सहायक अध्यापक डॉ अभिषेक हरिश इसी तरह से मरीजों को दूसरे अस्पतालों व पैथोलैब में भेज कर मोटी रकम कमीशन के रूप में प्राप्त करते थे। इस संबंध में कार्यवाही नहीं होने पर उक्त आंदोलन आम आदमी पार्टी के द्वारा किया गया। पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि यदि चिकित्सक को एक सप्ताह के अंदर बर्खास्त नहीं किया गया तो पार्टी चक्का जाम वह ताला बंद जैसे आंदोलन करने हेतु बाध्य होगी । कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता , राष्ट्रीय महान गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष अनीता साहनी के अलावा वरिष्ठ समाज सेवी सूजन बिंद , नंगे पांव के संयोजक राजेश सिसोदिया व पार्टी के अलेक्जेंडर केरक्केटा,सीताराम मानिकपुरी, साकेत त्रिपाठी , सूरज सेठी ,लव कुमार दुबे, आदित्य पांडे , आरती कुजूर , सुंदरमणी , हरि एक्का उपस्थित थे।

CMYK

# बाबा करेंगे इलाज,स्वास्थ्य विभाग मूकदर्शक बनकर देखता रहेगा

# कोरिया जिले में बाबा कर रहा इलाज,लग रहा रोज दरबार ?

**प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग की स्थिति वैसे भी दयनीय... वहीं अब बाबाओं का भी इलाज के नाम पर जारी हुआ लूट का खेल...**

**कोरिया जिले के पटना क्षेत्र में स्वघोषित इलाज वाले बाबा का हुआ एकाएक पदार्पण,कर रहा लोगों के इलाज का दावा**

**बाबा बनने से पहले स्वास्थ्य विभाग की ही महतारी एक्सप्रेस का था युवक चालक,अब गंभीर बीमारियों को ठीक करने का करता है दावा**

**क्या स्वास्थ्य विभाग बना रहेगा मामले में अनभिज्ञ, क्या जिले वासियों क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य से बाबा करते रहेंगे खिलवाड़ ?**

## बाबा बन रहा बागेश्वर पार्ट 2,सोशल मीडिया में यह भी लिख रहे कुछ लोग,एंबुलेंस चलाते-चलाते बाबा बनने का मिला ज्ञान यह भी लिखा सोशल मीडिया पर आलोचना करने वालों ने...

### बॉडीगार्ड लेकर चलता है बाबा,क्या उसे बॉडीगार्ड रखने की अनुमति है प्राप्त ?

स्वघोषित बाबा बॉडीगार्ड साथ लेकर चलता है। बता दें की वह बॉडीगार्ड के बिना चलता ही नहीं है। बॉडीगार्ड रखने के लिए कुछ नियम कायदे हैं ऐसा बताया जाता है,घटती घटना नियमों को लेकर कोई दावा तो नहीं करती लेकिन एक सवाल जरूर इस मामले में खड़ा होता है की क्या बॉडीगार्ड रखना किसी के लिए इतना आसान है या इसके लिए कोई नियम कायदा नही है कोई भी बॉडीगार्ड रख सकता है क्या। वैसे एक व्यक्ति की सोशल मिडिया पोस्ट अनुसार बॉडीगार्ड रखने के लिए कुछ नियम कायदे हैं और तभी कोई बॉडीगार्ड रख सकता है,वैसे यदि नियम है तो क्या बाबा ने नियम के अनुसार बॉडीगार्ड रखा है इसका भी खुलासा होना चाहिए।। वैसे बाबा है इलाज करता है तो उसे किसी से खतरा क्यों होगा यह भी एक सवाल है ,क्योंकि वह धर्म का प्रचार तो कर नहीं रहा न ही वह धर्म के लिए किसी को मजबूर कर रहा है वह तो जय और जिंदाबाद दोनो नारा लगवा रहा है ऐसे में उसे किसी से कोई खतरा है कहना सही नहीं होगा।

### आखिर प्रशासन मामले से क्यों है अनजान ?, बाबा कर रहा गंभीर बीमारियों के इलाज का दावा

कोरिया जिले के पटना क्षेत्र में स्वघोषित बाबा लगातार लोगों का इलाज कर रहा है। बताया जा रहा है की वह गंभीर से गंभीर बीमारियों के इलाज का दावा कर रहा है और इसलिए लोग उसके पास पहुंच रहे हैं। बताया जा रहा है की बाबा लोगों को दवा भी दे रहा है,अब यह सूत्रों का कहना है घटती घटना दवा दिए जाने की पुष्टि तो नहीं करता लेकिन इलाज के लिए लोग पहुंच रहे हैं और उन्हे लाभ मिल रहा है यह बाबा ही विडियो सोशल मिडिया पर डालकर बता रहा प्रचार कर रहा है। अब इस मामले के सवाल यह उठता है की आखिर प्रशासन क्या कर रहा है,वह क्यों अंधविश्वास को बढ़ावा देने वाले बाबा के मामले में मौन है। तथाकथित बाबा जिस स्वास्थ्य विभाग में महतारी एंबुलेंस चलाता था अब उसी स्वास्थ्य विभाग को वह चिढ़ा रहा है और वह यह जता रहा है की वह उन बीमारियों का भी इलाज कर रहा है जो लाइलाज हैं। अब देखना है की प्रशासन कब मामले में संज्ञान लेता है और कार्यवाही करता है।

### पूर्व निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ पोस्टर भी लगवा रहा स्वघोषित बाबा,बाबा इलाज वाला बाबा या एक राजनीतिक दल का सदस्य ?

स्वघोषित बाबा पूर्व निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ पोस्टर भी शहर गांव में लगवा रहा है।उसके पोस्टर एक राजनीतिक दल विशेष के पूर्व निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ शहर गांव में नजर आ रहे हैं । पोस्टर देखकर यह सवाल भी उठता है की बाबा इलाज वाला बाबा है या राजनीतिक दल का वह सदस्य है प्रचारक है। हाल ही में स्वघोषित बाबा के पोस्टर बैकुंठपुर ,पटना,सोनहत में नजर आए जिसमे उन पूर्व निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की तस्वीरें थीं साथ उसके जो एक दल विशेष से संबंध रखते हैं।




-रवि सिंह-
कोरिया,12 जून 2024
(घटती-घटना)।

प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग का हाल किस स्थिति में है विगत कई सालों से यह किसी से छिपा नहीं है वहीं कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग की बात करें तो कोरोना वैश्विक महामारी काल से ही विभाग में केवल भ्रष्टाचार का बोलबाला है और स्वास्थ्य व्यवस्था का बुरा हाल है। जिला अस्पताल रेफर सेंटर बन चुका है विगत कई वर्षों से कांग्रेस शासनकाल में तो बुरा हाल था ही लूट स्वास्थ्य के नाम पर लोगों के मची ही थी वहीं सत्ता परिवर्तन ई बाद जहां लग रहा था की कार्यवाही होगी दोषियों पर वह हुई नहीं बशर्ते दोषियों को उपकृत करने का काम किया गया। जिले की प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था जिस तरह से लगातार बिगड़ती जा रही है उसके बाद लोगों का विभाग से विश्वास उठना लाजमी भी है और वहीं लोग अब नीम हकीम के पास जाना बेहतर समझ रहे हैं और उसी कारण नीम हकीमों का व्यवसाय भी अच्छा खासा चल रहा है। कोरिया जिले के पटना क्षेत्र में इसी तरह एक नीम हकीम का पदार्पण हुआ है जो दरबार लगा रहा है और लोगों का इलाज कर रहा है वह भी गंभीर बीमारियों का इलाज। बताया जा रहा है वहीं बाबा का भी दावा है की वह सभी बीमारियों का दरबार में इलाज करता है। बाबा युवा है और वह पहले स्वास्थ्य विभाग की महतारी एक्सप्रेस का चालक था यह बताया जा रहा है और एकाएक वह वाहन चालक से बाबा बन गया वह भी इलाज वाला।

बता दें की बाबा को लेकर कुछ लोगों ने सोशल मीडिया में यह भी लिखा है की बाबा बना युवक एंबुलेंस चलाते चलाते ज्ञान पा गया और बाबा बन गया वहीं वह बागेश्वर पार्ट 2 बनना चाह रहा है यह भी लिखने वाले ने सोशल मिडिया पर लिखा है। बाबा के दरबार की वीडियो भी सोशल मिडिया पर साझा की जा रही है और बताया जा रहा है की बाबा किस तरह लोगों का दुख दर्द दूर कर रहे हैं बाबा से उनके दरबार में लोग कह रहे हैं उनके पूछने पर की उन्हे उनकी तकलीफ से मुक्ति मिल रही है। बता दें की नीम हकीम और बाबाओं का चक्कर यह बतलाता है की स्वास्थ्य व्यवस्था का बुरा हाल है और लोग इसी वजह से बाबाओं के गिरफ्त में जा रहे हैं।


बाबा का काफिला

बता दें सोशल मिडिया में जिसने मामले को उठाया है उसने शासन प्रशासन से मांग भी साथ साथ की है की अंधविश्वास का यह खेल बंद कराए प्रशासन। वैसे सोशल मिडिया पर इसका विरोध दर्ज करने वाले की मांग जायज है क्योंकि यदि बाबाओं के पास ही गंभीर बीमारियों का इलाज है अस्पतालों में नहीं तो फिर क्यों लोग अस्पताल जायेंगे वहीं यदि ऐसा नहीं है तो ऐसे बाबाओं के ऊपर कड़ी कानूनी कार्यवाही करने की जरूरत है और कार्यवाही भी ऐसी जो नजीर बन सके और कोई भी बाबा बनकर लोगों को बेवकूफ बनाने का प्रयास न करे। वैसे बाबाओं के चक्कर में कई बार लोग जान से भी हांथ धो बैठते हैं क्योंकि वह इलाज जो उन्हे लेना होता है उसमे वह विलंब कर देते हैं और अंततः उन्हे जान से हांथ धोना पड़ जाता है। बाबाओं का मामला और उनकी प्रसिद्धि आम लोगों के अंधविश्वास से उत्पन्न होती है बढ़ती है और बीमार व्यक्ति तब बाबाओं के गिरफ्त में फंसता है जब वह बेहतर इलाज नही प्राप्त कर पाता या वह विश्वास इलाज के प्रति नहीं उत्पन्न कर पाता है। कोरिया जिले का नया बाबा अभी उतना प्रसिद्ध नहीं हुआ है दो चार लोग ही उस तक पहुंच सके हैं और उसका गुणगान कर रहे हैं लेकिन यदि ऐसा ही उसे छूट मिलता रहा एक दिन वह क्षेत्र में अंधविश्वास का सबसे बड़ा केंद्र बन बैठेगा और लोग बेवजह उसके कारण विश्वास में परेशान होते रहेंगे। शासन प्रशासन को तत्काल इस ओर ध्यान देना चाहिए स्वास्थ्य विभाग को भी जिम्मेदारी से इस तरह के अंधविश्वास को फैलने से रोकना चाहिए वहीं यह भी ध्यान देना चाहिए की कहीं वह कोई ऐसी दवा तो नहीं प्रदान कर रहा है आने वाले मरीजों को जो प्रतिबंधित हों या जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हों। जिले में खुलेआम उसका दरबार इस विश्वास को लोगों तक फैलाकर जारी है की वह असाध्य रोगों का उपचार तो करता ही है वह अन्य सभी बीमारियों का भी इलाज करता है।


बाबा महंगे होटलों के शौक़ीन

### क्या एक दल विशेष से बाबा को मिल रहा संरक्षण,क्या एक दल विशेष के नेता अंधविश्वास फैलाने में कर रहे उसकी मदद ?

स्वघोषित बाबा के पोस्टरों में एक दल विशेष के जनप्रतिनिधियों की ही तस्वीर नजर आ रही है। बाबा के पोस्टर को देखकर यह साफ कहा जा सकता है की वह भले ही लोगों को अपनी तरफ इलाज के बहाने आकर्षित कर रहा है लेकिन वह खुद एक दल विशेष की तरफ आकर्षित है समर्पित है। एक इलाज करने का दावा करने वाले बाबा को एक संत फकीर को खुद क्यों राजनीतिक दल के नेताओं के साथ तस्वीर छपवानी पड़ रही है यह भी एक बड़ा सवाल है।वैसे माना जा रहा है की बाबा चालाक है और वह एक राजनीतिक दल से जुड़ाव कायम कर यह साबित करना चाह रहा है की उसे उस दल का संरक्षण है और वह इसका लाभ भी उठा रहा है।वैसे जिस दल के नेताओं के साथ बाबा पोस्टर चस्पा करवा रहा है वह दल या उसके नेता बाबा के अंधविश्वास के व्यवसाय में उसके सहयोगी बन रहे हैं यह भी कहना गलत नहीं होगा।

### सब कुछ जानकर भी लोग अंधविश्वास के कारण फंस जाते हैं बाबाओं के जाल में,इस बाबा को भी जानते हैं सभी करीब से लेकिन अंधविश्वास में सभी की आंखें हैं बंद

अंधविश्वास ऐसा मामला है जहां सबकुछ जानकर भी लोग अनजान बन जाते हैं क्योंकि लोगों को तात्कालिक यह समझ में आता है की उन्हे फायदा हो रहा है। बाबाओं के जाल में फंसने के पीछे की भी कहानी यही है बाबा जो अंधविश्वास में लोगों को फांसते हैं वह क्या हैं उनकी असलियत क्या है यह सभी जानते हैं फिर भी वह फंस जाते हैं उनकी जाल में। इस मामले में भी बाबा को सभी जानते हैं पटना क्षेत्र में की वह कैसे एंबुलेंस चलाया करता था और अब बाबा बन गया।वह क्या सिद्धि प्राप्त किया कहां वह गया सिद्धि प्राप्त करने या बीमारी का इलाज करने यह कोई नहीं जानता वहीं कब गया यह भी कोई नहीं जानता फिर भी लोग उसके पास इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।

# कानून व्यवस्था को मजबूत और सुदृण बनाए रखने संवेदनशील होकर करें कार्य-डीआईजी/एसएसपी

-संवाददाता-
सूरजपुर,12 जून 2024
(घटती-घटना)।



कानून व्यवस्था को मजबूत और सुदृण बनाए रखने की दिशा में जिम्मेदारीपूर्वक संवेदनशील होकर कार्य कराने, अपराधों की रोकथाम और लॉ-इन-ऑडर बनाए रखते हुए बेहतर कार्य कर समाज में सकारात्मक संदेश देने तथा पेडिंग मामलों के निराकरण में तेजी लाने और बेहतर पुलिसिंग करने संबंधी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश देने उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने बुधवार, 12 जून 2024 को पुलिस अधिकारियों की बैठक ली।

इस दौरान एसएसपी श्री एम.आर.आहिरे ने थाना-चौकी प्रभारियों का कहा कि कानून व्यवस्था को मजबूत और सुदृण बनाए रखे, किसी विषय वस्तु को लेकर कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए सभी को जिम्मेदारीपूर्वक संवेदनशील होकर क्षेत्र में कार्य करें, हर एक छोटी-छोटी अच्छी कार्यवाही से पुलिस की छवि अच्छी बनती है, अपराधों की रोकथाम और लॉ-इन-ऑडर बनाए रखते हुए बेहतर कार्य कर समाज में सकारात्मक संदेश देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर समय पुलिस की मौजूदगी क्षेत्र में बनी रहे, किसी प्रकार की घटना/दुर्घटना पर बारीकी से नजर रखे और त्वरित कार्यवाही की जाए, क्षेत्र में सतत् सम्पर्क स्थापित करते हुए सूचना संकलन को और मजबूत की जाए और प्रशासनिक अधिकारियों से समन्वय बनाकर इस दिशा में बेहतर कार्य करें।

लंबित मामलों की जानकारी लेकर निराकरण के निर्देश दिए और निराकरण में बढ़ोत्तरी को लेकर जोर दिया। लंबित जप्ती माल व लावारिश वाहनों के निराकरण की समीक्षा कर प्रभारियों को इस दिशा में तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, सीएसपी एस.एस.पैंकरा, एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, जिले के थाना-चौकी प्रभारी व जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# दृष्टि व श्रवण बाधित दिव्यांग जनों को मिला मोबाईल व श्रवण यंत्र

-संवाददाता-
सूरजपुर,12 जून 2024
(घटती-घटना)।



ग्राम पलमा के 10वीं में अध्ययनरत दृष्टि बाधित दिव्यांग श्री बलजीत देवांगन ने मोबाइल के लिए एवं ग्राम-खरसुरा के श्री इन्दर प्रसाद ने श्रवण यंत्र के लिए समाज कल्याण विभाग में आवेदन किया था। विभाग द्वारा इन आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आज कलेक्टर श्री रोहित व्यास के माध्यम से दोनों आवेदकों को उनके द्वारा मांगे गये उपकरण उपलब्ध कराये गये। मोबाईल एवं श्रवण यंत्र प्राप्त करने के पश्चात् दोनो आवेदको ने खुशी जाहिर की एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके साथ ही नितेश शर्मा ग्राम-जगतपुर जो कि कक्षा पहली में अध्ययनरत है के द्वारा भी श्रवण यंत्र के लिए आवेदन दिया गया था। जिसे स्वीकार कर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदनी साहू द्वारा नितेश को श्रवण यंत्र प्रदाय किया गया।

# नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने जिला प्रशासन और नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर का ध्यान आकर्षण करवाते हुए मांग की

-संवाददाता-
कोरिया,12 जून 2024
(घटती-घटना)।



वार्ड के नाले नालिया गंदगी से पटे हुए हैं उनकी कार्ययोजना बनाकर तत्काल सफाई कराई जाए।नगरपालिका के वार्ड के लोग मूलभूत सुविधाओं तक को तरस रहे कई महीनो से नगर पालिका में नहीं हो रही है बैठक जिससे शहर का विकास रुक गया है पूर्वी मे कई बार पत्राचार किया जा चुका है शहर के वार्ड में समस्याओं का अंबार है। वार्ड निवासी कई बार समस्याओं को लिखित में वार्ड पार्षद और नगर पालिका बैकुंठपुर कोरिया में दे चुके हैं। इसके बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा। वार्ड की सड़कों पर कचडा है। इस ओर कोई ध्यान नहीं है। शहर के नागरिकों का कहना है कि वार्ड में यदि कोई काम शुरू होता है तो वह सही तरीके से पूरा नहीं होता। इसका खामियाजा वार्ड में रहने वाले लोगों को भुगतना पड़ता है।

नगर पालिका सड़क बनाता है तो नालियां छोड़ दी जाती हैं। नालियां बनाता है तो सड़क नहीं बनाई जाती है। इससे कभी सड़क ऊंची तो कभी नालियां सड़क से ऊंची रह जाती हैं। इस वजह से घरों का गंदा पानी सड़कों पर भर जाता है। पानी भरने के कारण सड़कों पर चलने वाले नागरिक के ऊपर कई प्रकार के संक्रमण रोग फैलता है वार्ड की गलियों में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। सफाई कर्मचारी समय पर वार्ड में सफाई करने के लिए नहीं पहुंचते। इस कारण कारण वार्ड में हर ओर गंदगी फैली रहती है। लेकिन, इसके बाद भी सफाई नहीं होती।वार्ड की गलियों में कूड़ा कई दिनों तक ऐसे ही पड़ा रहता है। नगरपालिका से सफाई कर्मचारी आते तो हैं, लेकिन वह आधा कूड़ा ही उठाते है। आधे कूड़े को वहीं छोड़कर चले जाते हैं। इस कारण सारा दिन वार्ड की गलियों में गंदगी फैली रहती है।

### शहर के कई वार्ड में स्ट्रीट लाइट खराब

शहर के कई वार्ड में स्ट्रीट लाइट खराब होने से शाम होते ही गलियों और सड़कों पर अंधेरा छा जाता है। इस कारण रात के समय गलियों में आने जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है बरसात की शुरुआत हो गई है कई प्रकार के विषैला जीव जंतु सड़कों पर निकलते हैं जिससे आए दिन कोई भी बड़ी घटना घटित हो सकती है नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने शहर के नागरिकों से अपील की है यदि आपके वार्ड में स्ट्रीटलाइट नहीं जल रहा है तो आप टोल फ्री नंबर पर डायल करे शिकायत वहां पहुंच जाएगी और निराकरण होगा। शिकायत दर्ज कराने के लिए टोल फ्री नंबर 1800-180-3580 पर डायल कर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। शिकायत के पंजीकरण में शिकायतकर्ता का नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, वार्ड नंबर व स्थान का नाम पोल नंबर व लैंड मार्क की आवश्यकता होगी नगर पालिका बैकुंठपुर के अधिकारियों को समय पर अवगत करवाया जाता है। इनमें से कुछ समस्याओं को समय रहते ही समाधान करा दिया जाता है। लेकिन कुछ समस्याएं जस की तस हैं। समस्याओं से परेशान पार्षदों ने कई बार लिखित मौखिक सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी समस्या से अवगत कराया पार्षदों ने कहा कि उनके बताए काम कभी होते नहीं और अधिकारी-कर्मचारी सुनते नहीं तो क्या पार्षद अपना इस्तीफा सौंप दें।

### समस्याओं का समय पर निराकरण नहीं हो पाता है

पार्षदों का कहना था कि उनकी बताई समस्याओं का समय पर निराकरण नहीं हो पाता है। जबकि वार्ड वासी पार्षदों को अपनी समस्याओं सेअवगत कराने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग कर के घर का घेराव कर खड़ी होती है। ऐसे में पार्षदों के सामने गढ़मान्य वार्ड वासियों के समस्याओं को सुनने के अलावा कोई उपाय नहीं दिखता करें तो क्या करें नगर पालिका प्रशासन यदि सुधार नहीं करेगी तो करेंगे उसका विरोध नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर अंतर्गत 20 वार्ड आते हैं और प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधा उपलब्ध हो सके इसके लिए नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ ही चुने हुए पार्षद भी वार्ड की समस्याओं का समाधान उनके साथ मिलकर किया जाता हैं लेकिन विगत कुछ समय से चुने गए जनप्रतिनिधियों एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के बीच कुछ भी सही नहीं चल रहा है जिसका नतीजा नगर पालिका क्षेत्र की जनता को भुगतना पड़ रहा है यहां स्थिति यह निर्मित है कि 20 वार्डों की समस्या के लिए चुने गए जनप्रतिनिधि अपने ही वार्ड की समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रहे हैं।

# आरटीआई कार्यकर्ता के शिकायत पर सूरजपुर पूर्व कलेक्टर ईफ्त आरा के विरुद्ध जांच का आया आदेश

### भारत सरकार की कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के अवर सचिव रूपेश कुमार के द्वारा मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन रायपुर को जांच के लिए भेजा पत्र

### मामला पूर्णवास भूमि को मोटी रकम लेकर बेचने की अनुमति देने का

### क्या राजस्व अधिकारी को पूर्णवास भूमि को बेचने की अनुमति देने का अधिकार था ?

### भू-राजस्व संहिता के विपरीत आखिर क्यों चलाते हैं राजस्व अधिकारी क्या इन्हें नहीं है किसी कार्यवाही भय




-संवाददाता-
सुरजपुर,12 जून 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा व सूरजपुर जिले में राजस्व विभाग के मुखिया के द्वारा ही अपने खुद के लाभ अर्जित करने के लिए पुनर्निवास की भूमि की बिक्री के लिए नियम विरुद्ध तरीके से किया था आदेश जिसको चुनौती दे रहे हैं आईटीआई कार्यकर्ता डीके सोनी इस मामले को लेकर लगातार जांच की मांग कर रहे हैं और मामला का खुलासा कर पूरे मामले को सबके सामने लाया है, जिनकी शिकायत पर सरगुजा के बाद एक बार फिर सूरजपुर तत्कालीन कलेक्टर के विरुद्ध भी जांच के आदेश हुए हैं। डी.के. सोनी अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता के द्वारा सूरजपुर के तत्कालीन कलेक्टर ईफ्त आरा के विरुद्ध दिनांक 20/3/2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष दस्तावेजों सहित शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया गया था जिसमें यह उल्लेख किया गया कि राजस्व प्रकरण क्रमांक 202111262100047/अ-21/21-22 पक्षकार लक्ष्मी देवी प्रति बनिया देवीनाथ टोटल रब्बा 5 डिसमिल में तत्कालीन कलेक्टर सूरजपुर द्वारा भू माफियाओं से साठ-गांठ कर पुनर्वास भूमि की बिक्री करने की अनुमति देते हुए अवैध तरीके से लाखों रुपए प्रति डिसमिल की दर से राशि ली गई और पुनर्वास की भूमि के बिक्री की अनुमति दी गई।

शिकायत के अनुसार पूर्व कलेक्टर के द्वारा कुल 31 केश में अनुमति दी गई जिसमे बिना किसी दस्तावेज के जांच किए अनुमति दी गई क्रेता विक्रेता का हस्ताक्षर भी अपने सामछ सुनवाई में नही कराई सुनवाई किए बगैर स्थानांतरण होने के बाद बाइक डेट में सभी केशो में अनुमति दी गई, पूर्व कलेक्टर के भूमि दलाल जो सभी क्रेता विक्रेता से अनुमति की राशि की वसूली किया वह उमर सुन्नी उर्फ गुड्डू खान निवासी भवराही चौकी बसदेई थाना सूरजपुर है तथा क्लर्क संदीप विश्वकर्मा भी उनके साथ सामिल होकर कार्य किया है, जिसके माध्यम से करोड़ो रुपए की अवेध वसूली की गई है ,उमरसुन्नी उर्फ गुड्डू खान के द्वारा आदिवासी महिला के नाम पर भी कई जमीन लिया है जिसकी भी जांच करने की मांग किया गया है, सूरजपुर के पूर्व कलेक्टर ईफ्त आरा के विरुद्ध प्रधानमंत्री कार्यालय को संपूर्ण दस्तावेज के साथ शिकायत की गई थी जिस पर दिनांक 1/5/2024 को भारत सरकार के कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के अवर सचिव रुपेश कुमार के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्य सचिव को पत्र भेजते हुए जांच करने हेतु लिखा गया उक्त पत्र की प्रतिलिपि डी0के0 सोनी को भी भेजी गई। अब देखना यह है कि सूरजपुर के तत्कालीन कलेक्टर ईफ्त आरा के विरुद्ध जांच की जा रही है कि नहीं। इसके अलावा डी.के. सोनी के द्वारा दिनांक 21/3/2024 को उपरोक्त मामलो की शिकायत पुलिस महानिदेशक राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जिसकी भी जांच लंबित है।

## यह पूरा प्रकरण

राजस्व प्रकरण क्रमांक पक्षकार लक्ष्मी देवी प्रति कृष्णा सरकार व अन्य आदेश दिनांक 15/3/2023 टोटल रकबा 1.20 एकड़ एवं 42 डिसमिल, राजस्व प्रकरण क्रमांक 2022926010004/अ-21/19-20 पक्षकार पुष्पा प्रति अभिजीत सिंह व अन्य आदेश दिनांक 14/4/2023 टोटल रकबा 11.06, 0.14 हेक्टेयर, राजस्व प्रकरण क्रमांक 202210260600072/अ-21/22-23 पक्षकार राजेन्द्र प्रसाद साहू प्रति जय प्रकाश साहू आदेश दिनांक 15/2/2023 टोटल रकबा 0.010 हेक्टेयर, राजस्व प्रकरण क्रमांक 202210260600071/अ-21/22-23 पक्षकार महादेवी साहू प्रति जय प्रकाश साहू आदेश दिनांक 15/2/2023 टोटल रकबा 0.018 हेक्टेयर, राजस्व प्रकरण क्रमांक 202208262100010/अ-21/21-22 पक्षकार उषा रानी अन्य प्रति अमित कुमार अग्रवाल दिनांक 15/2/2023 टोटल रकबा 0.30 हेक्टेयर, राजस्व प्रकरण क्रमांक पक्षकार अशोक प्रति रितेश अग्रवाल आदेश दिनांक 7/12/2022 टोटल रकबा 0.106 हेक्टेयर, राजस्व प्रकरण क्रमांक 202205262600032/अ-21/21-22 पक्षकार गीता देवी प्रति सीमा बंसल व अन्य आदेश दिनांक 24/8/2022 टोटल रकबा 0.41, 1.36 हेक्टेयर, राजस्व प्रकरण क्रमांक 202205260600051/अ-21/21-22 पक्षकार श्रीराम व अन्य प्रति रेणुका आदेश दिनांक 15/7/2022 टोटल रकबा 0.38 हेक्टेयर, राजस्व प्रकरण क्रमांक 202205261200002/अ-21/21-22 पक्षकार अखिलेश कुमार पांडेय प्रति सुरेंद्र कुमार चौधरी आदेश दिनांक 12/10/2022 टोटल रकबा 0.027 हेक्टेयर , राजस्व प्रकरण क्रमांक 202205262100118/अ-21/21-22 पक्षकार निशा गुन प्रति अमित कुमार अग्रवाल आदेश दिनांक 15/2/2023 टोटल रकबा 0.72 हेक्टेयर , राजस्व प्रकरण क्रमांक 202203262100017/अ-21/21-22 पक्षकार राजेंद्र राय प्रति निशांत अग्रवाल आदेश दिनांक 26/4/2023 टोटल रकबा 0.41 हेक्टेयर , राजस्व प्रकरण क्रमांक 202203261200013/अ-21/21-22 पक्षकार देवचंद्र साहू प्रति प्रदुमन कुमार ठाकुर आदेश दिनांक 31/8/2022 टोटल रकबा 0.01 हेक्टेयर, राजस्व प्रकरण क्रमांक 202112262100022/अ-21/21-22 पक्षकार संजय कुमार विश्वकर्मा प्रति अजय कुमार विश्वकर्मा आदेश दिनांक 5/7/2023 टोटल रकबा 0.76 हेक्टेयर , राजस्व प्रकरण क्रमांक 202112260600031/अ-21/21-22 पक्षकार शिवबालक प्रति गीता साहू आदेश दिनांक 27/7/2022 टोटल रकबा 823.5 वर्ग फीट, राजस्व प्रकरण क्रमांक 202112262600003/अ-21/21-22 पक्षकार रामप्रसाद व अन्य प्रति सुमित कुमार मित्तल आदेश दिनांक 21/9/2022 टोटल रकबा 10.28 हेक्टेयर , राजस्व प्रकरण क्रमांक 202202262100117/अ-21/21-22 पक्षकार कार्तिक विश्वास व अन्य प्रति जय भगवान आदेश दिनांक 28/9/2022 टोटल रखवा 0.60 हेक्टेयर, राजस्व प्रकरण क्रमांक 202202262100117/अ-21/21-22 , राजस्व प्रकरण क्रमांक 202303262100134/अ-21/22-23 पक्षकार बलराम साल प्रति विवेक अग्रवाल आदेश दिनांक 26/4/2023 टोटल रकबा 0.40 हेक्टेयर, राजस्व प्रकरण क्रमांक 202203262100011/अ-21/21-22 पक्षकार कानन देवी व अन्य प्रति अशोक अग्रवाल व अन्य आदेश दिनांक 21/12/2022 टोटल रकबा 0.54 हेक्टेयर, राजस्व प्रकरण क्रमांक 202212262100005/अ-21/22-23 पक्षकार दीपक देवनाथ व अन्य प्रति शैवी अग्रवाल आदेश दिनांक 19/3/2023 टोटल रकबा 1.00 एकड़, राजस्व प्रकरण क्रमांक 202211262100036/अ-21/22-23 पक्षकार लक्ष्मी देवी प्रति कृष्णा सरकार व अन्य आदेश दिनांक 26/4/2023 टोटल रकबा 66 डिसमिल, राजस्व प्रकरण क्रमांक 202210262100048/अ-21/22-23 पक्षकार सूरज विश्वास व अन्य प्रति विकास अग्रवाल आदेश दिनांक 26/4/2023 टोटल रकबा 0.44 हेक्टेयर, राजस्व प्रकरण क्रमांक 202210262100029/अ-21/22-23 पक्षकार कार्तिक विश्वास प्रति अभिषेक नागदेव आदेश दिनांक 11/1/2023 टोटल रकबा 1.30 एकड़, राजस्व प्रकरण क्रमांक 202112262100030/अ-21/21-22 पक्षकार इंद्रजीत वैध प्रति पवित्र खराती आदेश दिनांक 21/9/2022 टोटल रकबा 0.40 हेक्टेयर, राजस्व प्रकरण क्रमांक 2022026210039/अ-21/21-22 पक्षकार रंजीत कुमार प्रति नीलम आदित्य दिनांक 21/9/2022 टोटल रकबा 0.12 हेक्टेयर, राजस्व प्रकरण क्रमांक 202203262100009/अ-21/21-22 पक्षकार पंचानन विश्वास प्रति जय भगवान अग्रवाल आदेश दिनांक 28/9/2022 टोटल रकबा 0.40 हेक्टेयर, राजस्व प्रकरण क्रमांक 202203262100008/अ-21/21-22 पक्षकार पिंटू विश्वास व अन्य प्रति आदित्य सिंह आदेश दिनांक 21/9/2022 टोटल रकबा 0.204 हेक्टेयर ,राजस्व प्रकरण क्रमांक 202203262100010/अ-21/21-22 पक्षकार राधा रानी प्रति गायत्री देवी व अन्य आदेश दिनांक 26/10/2020 टोटल रकबा 1.50 एकड़, राजस्व प्रकरण क्रमांक 202110262100026/अ-21/21-22 पक्षकार सुधा गोयल प्रति राहुल गर्ग आदेश दिनांक 18/1/2023 टोटल रकबा 0.007, 0.21, 0.12 हेक्टेयर , राजस्व प्रकरण क्रमांक 2022036210018/अ-21/21-22 पक्षकार गनपत प्रति संस्कार गोयल आदेश दिनांक 21/9/2022 टोटल रकबा 0.14 हेक्टेयर , राजस्व प्रकरण क्रमांक 202102262100054/अ-21/20-21पक्षकार गौरी व अन्य प्रति प्रदीप कुमार आदेश दिनांक 28/9/2022 टोटल रकबा 1.23 हेक्टेयर में तत्कालीन कलेक्टर सूरजपुर द्वारा भू माफियाओं से साठ-गांठ कर पुनर्वास भूमि की बिक्री करने के अनुमति देने हेतु अवैध तरीके से लाखों रुपए प्रति डिसमिल कि दर से राशि ली गई और पुनर्वास भूमि के बिक्री की अनुमति दी गई है।

## श्रमिकों के बुढ़ापे की चिंता हुई दूर,मुख्यमंत्री श्रमिक पेंशन योजना के तहत श्रमिकों की पेंशन हुई जारी

-संवाददाता-
कोरबा,12 जून 2024 (घटती-घटना)।



प्रदेश में मुख्यमंत्री श्रमिक पेंशन योजना के तहत 60 वर्ष पूर्ण कर चुके आठ और श्रमिकों के पेंशन को श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने निर्देश पर जारी किए गए। श्रमिकों के हित और उनके बेहतर जीवन यापन के लिए छत्तीसगढ़ में निर्माण श्रमिकों के पेंशन योजना की शुरूआत 29 मार्च को की गई थी। इस योजना के तहत पात्र निर्माण श्रमिकों को पेंशन राशि सीधे उनके खाते में भेजी जा रही है। इसके अलावा भी कई सारे लाभ मिलेंगे। बुधवार को श्रम मंत्री और छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष लखन लाल देवांगन ने आठ और श्रमिकों का पेंशन जारी किया। इस अवसर पर मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव सरकार श्रमिकों की हितेषी है। सरकार की पूरी मंशा है की श्रमिकों को योजना का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। श्रमिकों के हित एवं उनके बेहतर जीवन यापन के लिए निर्माण श्रमिकों के पेंशन योजना का लाभ श्रमिको को दिया जा रहा है। जिसमें पात्र निर्माण श्रमिकों को पेंशन राशि सीधे उनके खाते में भेजी जाएगी। इस योजना के तहत् ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिनकी आयु 60 साल पूरी हो चुकी है, उन श्रमिकों को हर महीने 1500 रुपये पेंशन के रूप में दिए जाएंगे। अगर पेंशनधारी निर्माण श्रमिक की मृत्यु हो जाती है तो निर्माण श्रमिक के आश्रित (पति/पत्नी) को 750 रूपए मासिक पेंशन दिए जाने का प्रावधान है। इन जिलों के श्रमिकों को राशि हुई जारी महासमुंद के 2 श्रमिक, बेमेतरा के 4 श्रमिकों को, राजनांदगांव और दुर्ग के एक-एक श्रमिक को पेंशन जारी किया गया है।

## कानून व्यवस्था के लिए प्रभारी कलेक्टर ने ली बैठक

-संवाददाता-
कोरबा,12 जून 2024 (घटती-घटना)।



आयुक्त नगर निगम एवं प्रभारी कलेक्टर श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जिले में कानून व्यवस्था कायम रखने अधिकारियों के लिए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में बिना अनुमति के धरना प्रदर्शन, रैली-जुलुस आदि ना किए जाएं। असामाजिक गतिविधियों पर पुलिस एवं प्रशासन की पैनी नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी आपसी समन्वय एवं तालमेल से सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में स्थानीय समस्याओं धार्मिक मुद्दों आदि को गंभीरता से सुलझाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि अनुविभागीय अधिकारी एवं एसडीओपी आपसी समन्वय से सामाजिक प्रतिनिधियों की बैठक लेकर सौहार्द्रपूर्ण माहौल में स्थानीय मुद्दों का निराकरण करें, कहीं पर भी संवाद शून्यता नहीं होना चाहिए। बैठक में आईपीएस अधिकारी रविंद्र मीणा, एडिशनल एसपी यूबीएस चौहान, नेहा वर्मा, अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, अनुपम तिवारी, डिप्टी कलेक्टर विकास चौधरी, डीएसपी बी. मिंझ, प्रतिभा मरकाम, एसडीएम कटघोरा सरोज महिलांगे, तहसीलदार राहुल देव पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

## सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया सूरजपुर महिला शाखा का हुआ उद्घाटन






-संवाददाता-
सुरजपुर,12 जून 2024 (घटती-घटना)।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी पहली महिला शाखा का उद्घाटन किया। इस विशेष शाखा का उद्घाटन जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर केन्द्रीय कार्यालय मुम्बई के महाप्रबंधक श्री मुकुल एन. दंडिगे, अचंल प्रमुख रायपुर श्री बी.आर. रामा कृष्णा नायक, क्षेत्रीय प्रमुख रणधीर सिंह भी उपस्थित थे।

जिला सीईओ ने कहा सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया को यह महिला शाखा सूरजपुर की महिलाओं द्वारा संचालन में एक महत्वपूर्ण कदम है। सम्पूर्ण महिलाओं द्वारा बैंकिग सेवाओं का लाभ उठाने में सुविधा देना और वित्तीय सशक्तिकरण में योगदान होगा। बैंक के महाप्रबंधक श्री मुकुल दंडिगे ने कहा, हमारा बैंक एक नया पैटन लांच किया है। जिसमें पूरे सेन्ट्रल बैंक के 90 रीजन में एक-एक सम्पूर्ण महिला शाखा बनाया जा रहा है। जिसे महिलाओं द्वारा बैंकिग कार्य संचालन होना है। यह शाखा विशेष रूप से महिला स्टॉफ द्वारा संचालन किया जाना है। जहां शुन्य शिकायत होनी है। क्योंकि महिलाओं में अपने ग्राहकों को सवोत्तम सेवा देने की एक कोमल क्षमता रहती है। इस महिला शाखा में सभी ग्राहकों के लिए सभी प्रकार की बैंकिग सेवाएं उपलब्ध होगी, जैसे कि खाता खोलना, ऋष्ठा सुविधा, निवेश, सलाह, लाकर सुविधा, डिजिटल बैंकिग इत्यादि।

शाखा प्रबंधक सुश्री सोनली एक्का ने समारोह के दौरान सभी ग्राहकों को उपस्थित होने के लिए धन्यवाद दिया और आश्वासन दिया कि हमारी सेवा हमेशा तत्पर रहेगी। इस सामारोह में लीड बैंक मैनेजर श्री आनंद मिंज तथा क्षेत्रीय कार्यालय अम्बिकापुर श्री संजय कुमार प्रधान का विशेष योगदान रहा।

## प्रस्तावित रेलवे अंडर ब्रिज से प्रभावित महिलाओं ने मुआवजा के लिए कलेक्टर को दिया आवेदन



-संवाददाता-
कोरबा,12 जून 2024 (घटती-घटना)।

कोरबा शहर में बनने वाले रेलवे अंडर ब्रिज से प्रभावित करीब 70 परिवार की महिलाओं ने कलेक्टर से मिलकर अपनी समस्याओं और व्यथा से अवगत कराया । महिलाओं ने बताया कि करीब 70 परिवार को अंडर ब्रिज बनने के कारण हटाने का नोटिस जारी हुआ है । उन्होंने बताया के हम सब महिलाएं अपनी समस्याओं से कलेक्टर और प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराते हुए उचित मुआवजा सहित अन्य जरूरी संसाधनों की मांग आवेदन के माध्यम से जिले के कलेक्टर को किए हैं ।महिलाओं ने कहा कि अगर सरकार को जमीन की आवश्यकता है तो वह जरूर ले लेकिन उससे पहले हमारी व्यवस्था करें ताकि हम अपने बाल बच्चों सहित अच्छे से गुजर बसर कर सके । महिलाओं ने कहा है कि उचित मुआवजा तथा बेहतर प्रबंधन नहीं होने से जमीन खाली नहीं करेंगे।

## बकरीद को लेकर ली गई शांति समिति की बैठक



-संवाददाता-
सुरजपुर,12 जून 2024 (घटती-घटना)।

संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज कलेक्टर श्री रोहित व्यास की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री एम.आर. अहिरे की उपस्थिति में बकरीद के पूर्व शांति समिति की बैठक रखी गई थी। जिसमें जिले के विभिन्न वर्ग से आये गणमान्य नागरिकों ने बकरीद का पर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो इसके लिए अपने विचार प्रस्तुत किये। कलेक्टर श्री रोहित व्यास एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एम.आर. अहिरे द्वारा बकरीद के दिन पर्व की रूप रेखा के संबंध में उपस्थितजनों के साथ सामान्य चर्चा की गई, इसके साथ ही शाति व्यवस्था को बनाये रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में उक्त दिवस हेतु पानी, बिजली एवं सफाई व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार -2**
**अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा,(छ0ग0)**

रा.प्र.क्र.20240502170020/ब121 /2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सोनकेलिया पत्नी ढोलाराम, निवासी ग्राम रूखपुर, तहसील अम्बिकापुर ,जिला सरगुजा (छ0ग0) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम रूखपुर स्थित भुमि खसरा नंबर 8/5 रकबा 0.286 हे0 भूमि अपने जर्जर मकान के मरम्मत कार्य एवं पक्का मकान निर्माण हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदक मोतीलाल ,आ0 पटवारी राम, निवासी - ग्राम रूखपुर , तहसील अंम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0) को रू पये 5,50,000/- (पांच लाख पच्चास हजार रूपयें )में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 28/06/2024 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 29/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील

नायब तहसीलदार
,अंबिकापुर-02

CMYK

# विश्व कप क्वॉलीफाइंग:भारत ने कतर के विवादास्पद गोल की जांच की मांग

**नयी दिल्ली,12 जून 2024।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मैच आयुक्त को शिकायत करके दोहा में विश्व कप क्वालीफाइंग के अपने महत्वपूर्ण मुकाबले में कतर को विवादास्पद गोल देने की जांच की मांग की है। एआईएफएफ के सूत्रों ने बताया कि उन्होंने 'गोल की गहन जांच की मांग है।मंगलवार को जस्सिम बिन हमाद स्टेडियम में करो या मरो के मुकाबले में भारत की 1-2 की हार के दौरान रैफरी किम वू सुंग ने गोल को स्वीकृति दी थी जबकि इससे पहले ही गेंद खेल के मैदान से बाहर जा चुकी थी। इस गोल पर काफी विवाद हुआ क्योंकि इसने 2026 के टूर्नामेंट के लिए भारत को पहली बार फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में प्रवेश से वंचित कर दिया।एआईएफएफ के एक अधिकारी ने बताया, 'हमने मैच आयुक्त को



शिकायत की है और पूरे मामले की गहन जांच की मांग की है। ईरान के हामेद मोमेनी इस मुकाबले के मैच आयुक्त थे। मैच आयुक्त की भूमिका मैच के आयोजन की निगरानी करना और यह सुनिश्चित करना होती है कि मुकाबले के दौरान फीफा के नियमों का पालन किया जाएगा।मैच के 73वें मिनट में अब्दुल्लाह अलाहरक की फ्री किक पर यूसेफ आयमेन ने हेडर लगाने का प्रयास किया जिसे भारतीय कप्तान और गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने रोक दिया। गुरप्रीत हालांकि मैदान पर गिर गए और इस दौरान गेंद खेल के मैदान से बाहर चली गई। हाशमी हुसैन किक मारकर गेंद को दोबारा खेल के मैदान में ले आए और आयमेन ने गोल कर दिया।गेंद के खेल के मैदान से बाहर जाने के कारण खेल रोका जाना चाहिए था और कतर को कॉर्नर किक मिलनी चाहिए थी क्योंकि गुरप्रीत गेंद के बाहर जाने से पहले उससे संपर्क करने वाले आखिरी खिलाड़ी थे। भारतीय खिलाड़ी हालांकि उस समय हताश हो गए जब रैफरी ने कतर को गोल दे दिया और मेहमान टीम के कड़े विरोध के बावजूद मैदानी अधिकारी अपने फैसले पर बरकरार रहा।नियम के अनुसार अगर गेंद 'गोल लाइन या टचलाइन से मैदान पर या हवा में पूरी तरह से बाहर निकल जाती है तो उसे खेल से बाहर माना जाएगा। भारत के कोच इगोर स्टिमक ने बाद में निराशा जताते हुए कहा कि इस गोल ने उनकी टीम के सपने को खत्म कर दिया। गुरप्रीत ने भी इसे 'दुर्भाग्यपूर्ण नतीजा करार दिया।



## ऑस्ट्रेलिया ने नामीबिया को हराकर सुपर 8 में जगह बनाई

**एंटीगुआ,12 जून 2024।** ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में नामीबिया को नौ विकेट से हराकर टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के लिए क्वालीफाई कर लिया । ऑस्ट्रेलिया ने सभी विभागों में शानदार प्रदर्शन किया और नामीबिया के 72 रनों के लक्ष्य को छह ओवरों में हासिल कर लिया। स्पिनर और प्लेयर ऑफ द मैच एडम ज़म्पा ने 4-12 के अपने मैच विजयी स्पेल के साथ इतिहास रच दिया, और 100 टी20ई विकेट मील के पत्थर तक पहुँचने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई पुरुष खिलाड़ी बन गए। कुल मिलाकर, ज़म्पा मेगन शुट्ट और एलिस पेरी के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शॉर्ट फॉर्मेट में उस मुकाम तक पहुँचने वाले एकमात्र हमवतन खिलाड़ी बन गए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नामीबिया का कुल स्कोर पुरुषों के टी20ई में उनका सबसे कम स्कोर है। उनका पिछला सबसे कम स्कोर 2021 टी20 विश्व कप में श्रीलंका के खिलाफ और 2019 में टी20 विश्व कप क्वालीफायर के दौरान नीदरलैंड के खिलाफ 96 रन पर ऑल आउट था।

## पेरिस ओलंपिक में भी हार नहीं मानने के जज्बे को बरकरार रखेंगे विष्णु सरवनन

**नयी दिल्ली,12 जून 2024।** भारतीय नौकाचालक विष्णु सरवनन को तोक्यो में अपने पहले ओलंपिक में निर्भीक रवैये से काफी मदद मिली थी और अब वह अगले महीने पेरिस में भी इसी हार नहीं मानने की मानसिकता को जारी रखने के लिए तैयार हैं। सरवनन ने इस साल की शुरू में आस्ट्रेलिया में आईएलसीए 7 पुरुष विश्व चैम्पियनशिप से अपने दूसरे ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। इस 25 साल के नौकाचालक ने कहा, ''तोक्यो में मैं निर्भीक होकर खेला था। वो मेरा पहला ओलंपिक था तो मुझे नतीजे की इतनी परवाह नहीं थी। मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता था और मैंने ठीक प्रदर्शन किया था।'

सरवनन ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) द्वारा करायी गयी वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि वह अनुभवी नौकाचालकों और उनकी उपलब्धियों से प्रभावित नहीं हुए जिससे उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने का भरोसा मिला। एशियाई



खेलों के कांस्य पदक विजेता ने कहा, ''उस निडरता ने मुझे सिखाया कि आप खुद को कुछ अनुभवी खिलाड़ियों से कमतर नहीं आंककर बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। आपको सहजता के उस स्तर तक जाना होगा जहां आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें और मुझे लगता है कि मैंने इस सत्र में सुधार किया है।''

उन्होंने कहा, '' मैं आत्मविश्वास से भरा था और मैं हार नहीं मानने के जज्बे से खेल रहा था तो मैं उन्हें हराना चाहता था।'' विश्व में 17वें नंबर के नौकाचालक सरवनन पिछले एक महीने से मार्सेल में ट्रेनिंग कर रहे हैं। वहां वह ओलंपिक स्थल पर साइप्रस के लंदन 2012 रजत पदक विजेता पावलोस कोंटाइड्स और क्रोएशिया के रियो और तोक्यो रजत पदक विजेता टोन्सी स्टिपनोविच के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, ''मैं भाग्यशाली रहा हूं कि मुझे ओलंपिक स्थल में ट्रेनिंग लेने का मौका मिला और मेरे साथ ओलंपिक पदक जीतने वाले खिलाड़ी हैं। मैं पावलोस कोंटाइड्स और टोन्सी स्टिपनोविच के साथ ट्रेनिंग कररहा हूं जो कई साल से शीर्ष पांच में रहे हैं। ''

सरवनन ने कहा, ''मैं सेना में हूं लेकिन कभी युद्ध में नहीं गया हूं। लेकिन जब मैं इन नौकाचालकों के साथ पानी में नौकायन कर रहा होता हूं तो ऐसा लगता है कि मैं हर दिन लड़ाई लड़ रहा हूं। मेरी हृदय गति कभी भी 150 से नीचे नहीं होती। '' सरवनन जानते हैं कि पेरिस ओलंपिक में उनकी सबसे बड़ी चुनौती कठिन परिस्थितियों से निपटना होगी।

## आईसीसी पुरुष टी 20 बल्लेबाजी रैंकिंग में बाबर आजम एक स्थान ऊपर उठे

**करांची,12 जून 2024।** आईसीसी ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप 2024 के बीच टी20आई प्रारूप में खिलाड़ियों की रैंकिंग जारी की। पाकिस्तान के कप्तान और स्टार बल्लेबाज बाबर आजम आईसीसी पुरुष टी20आई बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। रैंकिंग में बाबर का उछाल पिछले कुछ दिनों से हो रही कड़ी आलोचना के बीच आया है। इस बीच, भारत के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव शीर्ष पर बरकरार हैं और उन्होंने नंबर 1 टी20आई बल्लेबाज के रूप में अपना दबदबा जारी रखा है। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर 2 पायदान ऊपर चढ़कर 5वें स्थान पर आ गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड 6 पायदान ऊपर चढ़कर शीर्ष 10



में जगह बनाने में सफल रहे। अफगानिस्तान के अनुभवी खिलाड़ी मोहम्मद नबी ने नंबर 1 टी20आई ऑलराउंडर का स्थान हासिल किया है इस बीच, ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस 3 पायदान ऊपर चढ़कर नबी से ठीक नीचे आ गए हैं। पहले नंबर 1 पर काबिज ऑलराउंडर शाकिब अल हसन रैंकिंग में पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं। अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने भी उल्लेखनीय प्रगति की सिर्फ नबी ही नहीं,अफ गानिस्तान के अन्य खिलाड़ियों ने भी गेंदबाजी के साथ-साथ बल्लेबाजी में टी20 रैंकिंग में उल्लेखनीय प्रगति की है। रहमनुल्लाह गुरबाज, 2 मैचों में 154 रन बनाकर मौजूदा टी20 विश्व कप 2024 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। इंग्लैंड के स्पिनर आदिल राशिद ने टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर कब्जा बरकरार रखा और श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा ने दूसरा स्थान बरकरार रखा। न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 विकेट लेने वाले कप्तान राशिद खान ने तीसरा स्थान हासिल किया। फजलहक फारूकी ने 2 मैचों में पांच और चार विकेट लेने के बाद छह पायदान चढ़कर चौथा स्थान हासिल किया।


## इश्क विश्क रिबाउंड में शाहिद कपूर की होगी खास भूमिका?

इश्क विश्क रिबाउंड के निर्माताओं ने 21 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने से पहले बहुप्रतीक्षित फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया है। इस फ्रेंचाइजी का दूसरा संस्करण लगभग 21 साल बाद सिनेमाघरों में रिलीज हो रहा है। इस फिल्म में शाहिद कपूर मुख्य भूमिका में थे और अब कई रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि मूल अभिनेता आगामी फिल्म में एक विशेष कैमियो करते नजर आएंगे। इश्क विश्क रिबाउंड में रोहित सराफ, जिबरान खान, पश्मीना रोशन और नैला ग्रेवाल मुख्य भूमिकाओं में हैं।

**निर्देशक ने बताई सच्चाई**

मंगलवार को ट्रेलर लॉन्च इवेंट में इश्क विश्क रिबाउंड के निर्देशक निपुण अविनाश धर्माधिकारी ने आखिरकार इस तरह के दावों पर प्रतिक्रिया दी और कहा कि 21 जून को बड़े पर्दे पर सभी सवालों के जवाब मिल जाएंगे। इस फिल्म से निर्देशक और पश्मीना रोशन हिंदी सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं, जो ऋतिक रोशन की भतीजी हैं।

**इश्क विश्क रिबाउंड ट्रेलर**



ट्रेलर में कॉलेज जाने वाले चार युवा किशोरों को दिखाया गया है जो एक दूसरे से बहुत प्यार करते हैं। हालांकि, ब्रेकअप और प्रेम त्रिकोण के बाद, उनकी दोस्ती और रिश्ते में समझौता होता दिखता है।

**फिल्म के बारे में**

निपुण अविनाश धर्माधिकारी द्वारा निर्देशित, इश्क विश्क रिबाउंड 2003 की कल्ट कमिंग-ऑफ-एज फिल्म इश्क विश्क का सीक्वल है, जिसमें शाहिद कपूर ने अमृता राव, विशाल मल्होत्रा और शेनाज ट्रेजरीवाला के साथ अपनी पहली फिल्म की थी। हाल ही में, निर्माताओं ने टाइटल ट्रैक इश्क विश्क प्यार व्यार का अनावरण किया। इश्क विश्क प्यार व्यार रोचक कोहली द्वारा रचित है, गुरप्रीत सैनी द्वारा लिखा गया है और इसे किसी और ने नहीं बल्कि सोनू निगम ने निखिता गांधी के साथ मेलो डी के साथ मिलकर गाया है, जो मूल गीत की याद दिलाता है।यह फिल्म रमेश तौरानी द्वारा निर्मित और जया तौरानी द्वारा सह-निर्मित है, जो टिप्स फिल्म्स लिमिटेड के बैनर तले बनी है और 21 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है

## बाजीराव मस्तानी से लेकर कल्कि 2898 ई.डी. तक, मां बनने से पहले ही कई फिल्मों में निभा चुकी है मां की भूमिका दीपिका पादुकोण ने लोगों का जीता दिल



अपनी बहुमुखी अदाकारी और स्क्रीन पर अपनी शानदार मौजूदगी के लिए मशहूर दीपिका पादुकोण ने एक बार फिर कल्कि 2898 ई. के इस बहुप्रतीक्षित ट्रेलर में अपने नए अवतार से सभी को चौंका दिया है। वैश्विक स्टार ने मातृत्व की कोमलता को आकर्षक तरीके से पर्दे पर पेश किया है। छोटे बालों और कम से कम मेकअप के साथ, सुपरस्टार ने अव्यवस्था के बीच शांति का माहौल पेश किया है, जो ट्रेलर में सबसे अलग है। दीपिका जब भी स्क्रीन पर नजर आती हैं, तो अपनी डायलॉग डिलीवरी से लोगों को प्रभावित करती हैं। अभिनेत्री अब तीसरी बार स्क्रीन पर मां की भूमिका निभा रही हैं। इस बार भी उन्होंने कई स्टीरियोटाइप को पीछे छोड़ा है। शायद कल्कि 2898 ई. इसलिए भी खास है क्योंकि इस बार दीपिका असल जिंदगी में भी अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं।

**मां की भूमिका में दीपिका पादुकोण**

ट्रेलर न केवल सभी को समय में पीछे ले जाता है, बल्कि दीपिका के बदलते लुक से भी हैरान करता है। एक डायस्टोपियन शहर में सेट, दीपिका का किरदार भूरे रंग की पोशाक पहने हुए है। ट्रेलर में दीपिका एक माँ की भावनाओं में जान फूंकती नज़र आ रही हैं। यह भी बताया जा रहा है कि जिस बच्चे को वह जन्म देंगी, वह एक नए युग की शुरुआत करेगा और बुराइयों का अंत करेगा। छोटे हेयरस्टाइल और कम मेकअप के साथ, दीपिका ट्रेलर में बहुत ही वास्तविक और शक्तिशाली ऊर्जा दिखाती नज़र आ रही हैं। यह उनके हमेशा के ग्लैमरस लुक से अलग है। तो चलिए नज़र डालते हैं उन समयों पर जब उन्होंने कल्कि 2898 ई. से पहले की फ़िल्मों में माँ का किरदार निभाया।

**फिल्म ब्रेक के बाद**

दीपिका पादुकोण ने इमरान खान अभिनीत ब्रेक के बाद में पहली बार ऑनस्क्रीन माँ का किरदार निभाया। दीपिका को 2010 की फ़िल्म में जन्म देते हुए और फिर अपनी बेटी को साइकिल पर सैर कराते हुए देखा जा सकता है।

**बाजीराव मस्तानी**

वह फ़िल्म जो वास्तव में अपने सभी कलाकारों की क्षमता को सामने लाती है, वह है बाजीराव मस्तानी। दीपिका पादुकोण ने इस फिल्म में मुस्लिम रानी मस्तानी की भूमिका निभाई है और साथ ही एक 6 साल के बच्चे की मां की भूमिका भी निभाई है। इसके अलावा, एक भावनात्मक और कठिन तलवारबाजी के दृश्य में, अभिनेत्री यह भी दिखाती है कि एक माँ अपने बच्चे को बचाने के लिए किस हद तक जा सकती है।

**ब्रह्मास्त्र**

हाँ! दीपिका पादुकोण ने रणबीर कपूर की ब्रह्मास्त्र में भी एक माँ की भूमिका निभाई है। इस फिल्म में अभिनेत्री ने सिर्फ़ एक कैमियो किया है, जो सीक्वल के लिए उनकी कहानी भी तय करता है, जहाँ उन्हें अपनी बाहों में एक बच्चे शिव को पकड़े हुए देखा जा सकता है। जिन्हें नहीं पता, दीपिका ब्रह्मास्त्र 2 में भी एक माँ की भूमिका निभाएँगी। वह अयान मुखर्जी की फिल्म में शिवा यानी रणबीर कपूर की माँ के रूप में नज़र आने वाली हैं।

**जवान**

आपको याद दिला दें कि दीपिका ने जवान में भी एक माँ की भूमिका निभाई थी। सिर्फ़ एक सहायक भूमिका में, एसपी ने शो को चुरा लिया और युवा शाहरुख खान (जवान) की माँ की भूमिका निभाई। फिल्म का मध्यम और भावनात्मक गीत, आराआरी रारो वास्तव में एक माँ की कोमलता को सामने लाता है। डीपी की भावुक आँखें इस गाने को दिल को छू लेने वाला बनाती हैं।

**कल्कि 2898 ई.डी.**

कल्कि 2898 ई.डी. में दीपिका पादुकोण एक गर्भवती महिला के रूप में नज़र आ रही हैं। अश्वत्थामा और दीपिका के किरदार के बीच बातचीत धरती पर एक अपेक्षित अवतार की ओर इशारा करती है। कमल हासन भी उनके कान में एक मंत्र फुसफुसाते हुए नज़र आ रहे हैं, एक नया युग आने वाला है! डीपी का किरदार हिंदू पौराणिक कथाओं की देवकी से मिलता जुलता है।

## दक्षिण के सुपरस्टार पवन कल्याण की ओटीटी पर हैं सर्वश्रेष्ठ फिल्में

पवन कल्याण की ओटीटी पर सर्वश्रेष्ठ फिल्में: आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनावों में उनकी भारी जीत के बाद से दक्षिण के सुपरस्टार के प्रशंसक उत्साहित हैं। टॉलीवुड सुपरस्टार से विजयी राजनेता बनने तक का उनका सफ़र उनके प्रभावशाली अभिनय और प्रशंसकों के अटूट समर्थन से चिह्नित है, जिसने उन्हें भारतीय सिनेमा और उससे परे एक प्रिय व्यक्ति बना दिया है। कई ब्लॉकबस्टर फ़िल्मों के साथ, यहाँ तेलुगु एक्शन-थ्रिलर और कमर्शियल हिट में उनके कुछ बेहतरीन अभिनय की झलकियाँ दी गई हैं-

**वकील साब**


वेणु श्रीराम द्वारा डायरेक्टेड और दिल राजू और बोनी कपूर द्वारा निर्मित तेलुगु कानूनी ड्रामा में पवन कल्याण मुख्य भूमिका में हैं, जो एक अंतराल के बाद अभिनय में उनकी वापसी है। निवेथा थॉमस, अंजलि और अनन्या नागल्ला अभिनीत, यह फ़िल्म, हिंदी फिल्म पिंक की रीमेक है, जो तीन महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन पर एक अपराध का झूठा आरोप लगाया जाता है। वे सत्यदेव (पवन कल्याण) की मदद से न्याय की तलाश करती हैं, जो एक परेशान अतीत वाला वकील है। वकील साब सहमति और महिलाओं के अधिकारों के मुद्दों को उठाते हुए कानूनी सुरक्षा पर एक शक्तिशाली संदेश देता है।

**भीमला नायक**

सागर के चंद्रा द्वारा निर्देशित और त्रिविक्रम श्रीनिवास द्वारा लिखित एक्शन थ्रिलर फिल्म में पवन कल्याण और राणा दग्गुबाती मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म को मुख्य रूप से जनवरी 2021 से फरवरी 2022 तक हैदराबाद में फिल्माया गया था, हालांकि कोविड-19 महामारी के कारण उत्पादन में रुकावट आई। यह सहयोगी से दुश्मन बने लोगों की कहानी है, जिसमें संयुक्ता, नित्या मेनन और मुरली शर्मा महत्वपूर्ण सहायक भूमिकाओं में हैं।

**ब्रो**

साई धर्म तेज और पवन कल्याण अभिनीत तेलुगु फंतासी कॉमेडी का निर्देशन समुथिरकानी ने किया है और इसे



त्रिविक्रम श्रीनिवास ने लिखा है। कहानी मार्क नामक एक आईटी कर्मचारी की है, जो मर जाता है, लेकिन उसे टाइम नामक एक चरित्र द्वारा तीन महीने के लिए पृथ्वी पर लौटने का मौका दिया जाता है। जैसे-जैसे मार्क अपने निजी जीवन में चुनौतियों का सामना करता है, वह शांतिपूर्वक मरने से पहले मूल्यवान सबक सीखता है।

**हरि हर वीरा मल्लू**

कृष जगरलामुडी द्वारा निर्देशित ऐतिहासिक एक्शन-एडवेंचर फिल्म। फिल्म में पवन कल्याण मुख्य भूमिका में हैं, जो उनके शानदार करियर की एक और महत्वपूर्ण परियोजना है। कलाकारों में निधि अग्रवाल, अर्जुन रामपाल और जैकलीन फर्नांडीज भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। 17वीं शताब्दी में सेट, हरि हर वीरा मल्लू वीरा मल्लू के साहसिक जीवन का वर्णन करता है, जो एक महान डाकू है जो लोककथाओं का नायक बन जाता है। फिल्म में ऐतिहासिक घटनाओं के साथ कल्पना को मिलाते हुए, ऐतिहासिक व्यक्तियों के साथ उनके भागने, युद्ध और मुठभेड़ों की खोज की गई है। बालू ए. करुणाकरण द्वारा निर्देशित और लिखित अपराध-एक्शन फिल्म में पवन कल्याण मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ श्रिया सरन और नेहा ओबेरॉय भी हैं। अपनी प्रत्याशा के बावजूद, बालू ने अपनी रिलीज़ पर औसत बॉक्स ऑफिस सफलता हासिल की। फिल्म में मणि शर्मा द्वारा संगीत दिया गया है, और रमेश बाबू ने सिनेमैटोग्राफी संभाली है।

## कार्तिक आर्यन ने बताया कि रणबीर कपूर ने उनसे एक चीज छीन ली



हिंदी फिल्म उद्योग में काफी सारे सेलिब्रिटी अपने कौशल या संबंधों के कारण सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचे हैं। लेकिन एक अभिनेता जिसने अपनी प्रतिभा, स्क्रीन उपस्थिति और विश्वसनीयता के साथ जनता के सुपरस्टार के रूप में दिलों में एक स्थायी जगह बनाई है, वह हैं कार्तिक आर्यन। वर्तमान में, वह देश के सबसे बैंकेबल सितारों में से एक हैं, जिनकी फिल्मोग्राफी में कई सुपर हिट और बॉलीवुड की दो सबसे मोस्ट एंटीसीपीएटेड प्रोजेक्ट्स हैं। लेकिन अपनी अगली रिलीज चंदू चैंपियन के प्रचार के दौरान, कार्तिक ने एक ऐसी बात का खुलासा किया जो उनके साथी अभिनेता रणबीर कपूर ने उनसे छीन ली थी। जैसा कि हम सभी जानते हैं, यह फिल्म निर्माता लव रंजन थे जिन्होंने कार्तिक को 2011 की दोस्त कॉमेडी प्यार का पंचनामा में पहला ब्रेक दिया था। यह अपनी तरह की पहली फिल्म थी और स्लीपर हिट के रूप में उभरी, जिससे डेब्यू अभिनेता और पहली बार निर्देशक बने इस अभिनेता को काफी खुशी हुई। इस गतिशील जोड़ी ने प्यार का पंचनामा 2 (2015) और सोनू के टीटू की स्वीटी (2018) जैसी फिल्मों के साथ एक के बाद एक ब्लॉकबस्टर हिट दीं। यह निश्चित रूप से लव की 2023 की फिल्म तू झूठी मैं मक्का तक है। इस बार, फिल्म निर्माता ने रणबीर के साथ मिलकर काम किया। अब हाल ही में जूम के साथ रैपिड-फायर सेशन में, कार्तिक से रणबीर की एक विशिष्ट गुणवत्ता साझा करने के लिए कहा गया। चंदू चैंपियन अभिनेता ने तुरंत जवाब दिया, ÷मुझे लगता है कि वो तो मेरा डायरेक्टर ले गया था ना उस टाइम! अपने डायरेक्टर को बचा के रखो।)÷ खैर, रणबीर ने मुख्य भूमिका निभाई लेकिन कार्तिक भी तू झूठी मैं मक्का का एक यादगार हिस्सा थे। वह लव, रणबीर और श्रद्धा कपूर के साथ फिल्म में एक महाकाव्य ष्डुद्वद्वश के लिए शामिल हुए, जिसने इंटरनेट पर तूफान ला दिया और सभी को पसंद आया। उस पल, ऐसा लगा जैसे यह कार्तिक की दुनिया है और हम बस इसमें रह रहे हैं।

# बलौदा बाजार हिंसा के बाद बदले गए कलेक्टर-एसपी

» नए कलेक्टर सोनी और एसपी अग्रवाल ने किया पदभार ग्रहण...

» दोनों अधिकारियों ने घटनास्थल का लिया जायजा, जिलेवासियों से की शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील...

**बलौदाबाजार,12 जून 2024(ए)।** बलौदाबाजार में हुई हिंसा मामले में मंगलवार की रात सरकार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को हटा दिया. जिसमें कलेक्टर कुमार लाल चौहान के जगह पर दीपक सोनी को पदस्थ किया और पुलिस अधीक्षक सदानन्द कुमार के जगह पर विजय अग्रवाल को पुलिस अधीक्षक का प्रभार सौंपा. वहीं नियुक्ति के बाद दोनों ही अधिकारियों ने आज बलोदाबाजार पहुंचकर पदभार ग्रहण किया. इस दौरान दोनों ने घटनास्थल का जायजा लिया. साथ ही जिले वासियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है.

कलेक्टर दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय का निरीक्षण कर हुए नुकसान के साथ ही जिला कार्यालय में चल रहे मरम्मत कार्य का जायजा लिया. साथ ही मरम्मत कार्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया. इस दौरान मीडिया से बातचीत में कहा कि जल्द ही सारी व्यवस्थाओं को ठीक कर कामकाज फिर से शुरू किया जाएगा. सभी अधिकारी कर्मचारी की यही प्राथमिकता है कि जन सहभागिता के साथ यहां के लोगों को ज्यादा से ज्यादा राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए पूरा जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है.

एसपी विजय अग्रवाल ने एसपी कार्यालय का निरीक्षण कर घटना में हुई क्षति की जानकारी ली. इस दौरान उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के आदेश का पालन करते हुए पुलिस अधीक्षक के रूप में ज्वाइन किया हूं. पदभार ग्रहण करने के बाद सहयोगियों के साथ बातचीत करके पूरे घटना की जानकारी ली. घटना से संबंधित वायरल हो रहे वीडियो को लेकर एसपी अग्रवाल ने कहा कि इसका आकलन किया जाएगा. उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी. उपद्रवियों की गिरफ्तारी को लेकर उन्होंने कहा कि इसकी भी विवेचना में कई सारे प्रक्रिया होते हैं. उसमें गिरफ्तारी भी एक प्रक्रिया है. जिस तरह से सबूत पाए जाएंगे उसके आधार पर गिरफ्तारी की जाएगी.

### विजय अग्रवाल को हिंसा प्रभावित बलौदा बाजार का एसपी क्यों बनाया गया

छत्तीसगढ़ के आईपीएस बिरादरी में विजय अग्रवाल ऐसा निर्विवाद नाम है, जिन्हें सरकार कोई भी हो...हर डीजीपी और खुफिया चीफ चाहते हैं कि जिले में वे एसपी रहे...तो ईओडब्लू चीफ चाहते हैं





विजय अग्रवाल जैसा अफसर उनके पास हो। तभी सीएम हाउस में हुई हाई लेवल मीटिंग में सभी का एक ही मत था...इस सिचुएशन में विजय से बेहतर कोई नहीं।

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से 80 किलोमीटर दूर बलौदा बाजार में हुई तोड़फोड़, आगजनी और हिंसा के बाद सीएम विष्णुदेव सरकार ने कल सख्त तेवर दिखाते हुए जिले के कलेक्टर, एसपी को हटा दिया। एसएसपी सदानंद की जगह अंबिकापुर के एसपी विजय अग्रवाल को बलौदा बाजार का नया पुलिस कप्तान अपाइंट किया गया। विजय अग्रवाल को सरकार ने तुरंत ज्वाईन करने का एक लाइन का प्वाइंट दिया था। लिहाजा, उन्होंने आज सुबह सरगुजा आईजी के समक्ष रिलिविंग देते हुए बलौदा बाजार के लिए रवाना हो गए। विजय ने आज दोपहर बलौदा बाजार में ज्वाइन भी कर लिया।

### तुरुप का इक्का क्यों?

विजय अग्रवाल को छत्तीसगढ़ पुलिस में तुरुप का इक्का कहा जा सकता है। सरकारें कोई भी हो, जब भी कोई क्रायसिस आता है, विजय अग्रवाल को वहां भेजा जाता है। बीजेपी की सरकार के समय 2018 में बिलासपुर में कांग्रेस नेताओं पर लाठी चार्ज

हो गया था। एडिशनल एसपी का ट्रांसफर समेत बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारियो के खिलाफ कार्रवाई हुई थी। इसके बाद कोई पुलिस अधिकारी बिलासपुर जाना नहीं चाहता था। क्योंकि, वहां कांग्रेस नेताओं द्वारा बडा प्रदर्शन चल रहा था। तब रमन सरकार ने विजय अग्रवाल को भेजा। पिछली सरकार में वे जशपुर एसपी थे। जांजगीर में भीम आर्मी का प्रदर्शन और चक्का जामा चल रहा था। तब वहां के एसपी को हटाकर विजय को जांजगीर भेजा गया। जांजगीर जैसे जिले में विजय अग्रवाल सब कुछ ठीक कर दिया। कांग्रेस नेताओं के झगड़े में अंबिकापुर की पोलिसिंग ध्वस्त हो गई थी। सो, विष्णुदेव सरकार ने विजय को इसी साल जनवरी में अंबिकापुर भेजा था।

### बैठक में एक ही नाम

बलौदा बाजार हिंसा के बाद मुख्यमंत्री निवास में हाई लेवल मीटिंग बुलाई गई थी। इसमें नए एसपी पर भी चर्चा हुई। सभी ने एक सूर में विजय अग्रवाल का नाम सुझाया। तब मीटिंग में किसी ने कहा कि विजय को अंबिकापुर गए अभी छह महीने भी नहीं हुए हैं। मगर और कोई दूसरा नाम ऐसा दिखाई नहीं पड़ रहा, जो बलौदा बाजार में हालात को पटरी पर ला सके। ऐसे में, डीपी से लेकर इंटेलिजेंस चीफ, आईजी समेत सभी ने विजय अग्रवाल का नाम प्रपोज किया। विजय जशपुर के एडिशनल एसपी रहे हैं और एसपी भी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उनकी वर्किंग को पर्सनल जानते हैं। तभी सरकार बदलने के बाद भी उन्हें जांजगीर से चुनौतीपूर्ण जिला अंबिकापुर का दायित्स सौंपा था। और अब बलौदा बाजार के लिए उनके नाम पर अंतिम मुहर लगाने में उन्होंने देरी नहीं लगाई।

### बेसिक पोलिसिंग के एक्सपर्ट

छत्तीगसढ़ में बेसिक पोलिसिंग के जानकार माने जाते हैं विजय अग्रवाल। इंवेस्टिगेशन में भी खासी पकड़। नियमित थानों का निरीक्षण, देर रात तक गश्त, थानेदारों की मानिटरिंग, उनका शगल है। जिस जिलों में पोस्टेड रहे हैं, बड़े-बड़े मामलों को उन्होंने सुलझा दिया। जांजगीर में व्यापारी की हत्या के जटिल केस को उन्होंने हफ्ते भर में पर्दाफाश कर आरोपी आटो चालक को गिरफ्तार कर लिया था। दरअसल, आटो वाले ने झारखंड के एक व्यापारी की रात में हत्या कर उसके शव में अपने कपड़े पहना दिया और खुद उसका कपड़ा पहन कोरबा के होटल में छिप गया। सिर चूकि कुचल डाला था, इसलिए चेहरा बिगड़ चुका था। लोग समझे के आटो वाले की हादसे में मौत हो गई। आटो चालक के घर वालों ने उसका अंतिम क्रिया करने के साथ ही दशगात्र वगैरह करने की तैयारी में लग गए थे। मगर विजय अग्रवाल का माथा ठनका। उन्होंने इस केस की खुद विवेचना की। और आटो चालक को पकड़ने के बाद मर्डर मिस्ट्री के खुलासे हुए उससे पुलिस महकमा सन्न रह गया था।

### बलौदा बाजार चौथा जिला

आईपीएस विजय अग्रवाल का एसपी के तौर पर चौथा जिला होगा। जशपुर उनका पहला जिला था, उसके बाद जांजगीर और सरगुजा। और अब बलौदा बाजार। वे लंबे समय तक राजधानी रायपुर के एडिशनल एसपी रह चुके हैं।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ओडिशा के मुख्यमंत्री और आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को दी बधाई

» मुख्यमंत्री का ओडिशा के नव निर्वाचित विधायकों ने जताया आभार...

» कहा- जीत में मुख्यमंत्री के चुनाव प्रचार का रहा बड़ा योगदान...

» ओडिशा में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय



**रायपुर,12 जून 2024(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज ओडिशा राज्य के नए मुख्यमंत्री श्री मोहन चरण माझी एवं उनके मंत्रिगणों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय से ओडिशा के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से आए अनेक नवनिर्वाचित विधायकों ने भुवनेश्वर में सौजन्य मुलाकात कर उनका आभार जताया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार के गठन पर शुभकामनाएं दी।


गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पड़ोसी राज्य ओडिशा के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में सघन चुनाव प्रचार किया था और इन इलाकों में भाजपा प्रत्याशियों ने बड़े अंतर से जीत हासिल की है। इसी आशय के साथ ही ओडिशा के नव निर्वाचित विधायक मुख्यमंत्री श्री साय का आभार व्यक्त करने उनसे मिलने पहुंचे थे।

मुख्यमंत्री श्री साय से विधायकों ने कहा कि छत्तीसगढ़ न केवल ओडिशा का पड़ोसी राज्य है, बल्कि प्रदेश का बड़ा इलाका छत्तीसगढ़ से अपनी सीमा साझा करता हैं। छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच मजबूत सांस्कृतिक, सामाजिक संबंध है। बड़े पैमाने पर व्यापारिक गतिविधियां भी दोनों राज्यों के बीच संचालित होती हैं। दोनों राज्यों के हित परस्पर जुड़े हुए हैं, जिसका प्रभाव चुनाव पर भी पड़ता है। विधायकों ने मुख्यमंत्री श्री साय से कहा कि ओडिशा से आपका स्नेह सहज ही दिखता है। छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने के बाद आपने ओडिशा सहित अन्य राज्यों में लगातार चुनाव प्रचार किया। ओडिशा राज्य में आपके द्वारा किए गए चुनाव प्रचार के परिणाम स्वरूप 24 सालों से सत्ता पर काबिज नवीन पटनायक की सरकार को दर किनारे कर विधानसभा चुनाव में पहली बार पूर्ण बहुमत हासिल करने में कामयाब रही। लोक सभा चुनाव में भी पार्टी ने ओडिशा में 20 सीटें हासिल की है। मुख्यमंत्री ने विधायकों से कहा कि मुझे आप सभी से और ओडिशा की जनता से उतना ही स्नेह मिलता है, जितना मेरे छत्तीसगढ़ के नागरिकों से मुझे मिलता रहा है। ओडिशा में डबल इंजन की सरकार बन गई है। महाप्रभु श्री जगन्नाथ की कृपा से निश्चय ही ओडिशा तेजी से विकसित राज्य की श्रेणी में खड़ा होगा और प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के विकसित भारत के विजन को पूरा करने में महत्वपूर्ण साझेदारी करेगा।

### चंद्रबाबू नायडू को सीएम और पवन कल्याण को उप मुख्यमंत्री बनने पर विष्णुदेव साय ने दी बधाई

चंद्रबाबू नायडू को सीएम और पवन कल्याण को उप मुख्यमंत्री बनने पर विष्णुदेव साय ने बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, चंद्रबाबू नायडू को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और पवन कल्याण को उप मुख्यमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। राज्य में नवगठित एनडीए सरकार में निश्चित ही आंध्र प्रदेश के विकास को नई दिशा मिलेगी। वेंकटेश स्वामी से कामना करता हूँ कि यह राज्य विकास के हर मानकों पर खरा उतरे और लोगों के जीवन में खुशहाली का संचार करें।

# बलौदाबाजार घटना में हुए नुकसान की भरपाई दोषियों से की जाएगी



**रायपुर,12 जून 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में 10 जून को हुई हिंसक घटना की समीक्षा की गई है। मामले में समीक्षा के बाद डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने घटना में हुई करोड़ो के नुकसान की भरपाई दोषियों से करवाने की बात कही है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बलौदाबाजार में हुई घटना के पीछे समाज से बाहरी लोगों का हाथ बताया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक नहीं यह असामाजिक लोगों का काम है। उन्होंने बताया कि मामले में न्यायिक जांच की घोषणा किए जाने के बाद सतनामी समाज ने संतुष्टि जाहिर की थी।डिप्टी सीएम ने मामले आगे कहा, कि यह बहुत दुख का विषय है, यह नहीं लगता कि छत्तीसगढ़ के लोग हैं, इसमें बाहरी लोगों का हाथ है। उन्होंने कहा कि इस घटना योजनाबद्ध तरीके से की गई है। हाथ में पेट्रोल बोतल, डंडे-लाठी के साथ लोग नजर आए हैं।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि 9 दिन और 9 रात मैं भी आंदोलन में बैठा था, लेकिन अंदर नहीं गया क्योंकि हमें अपनी सीमा पता है। लोकतंत्र में एक सीमा होती है, इसके आगे अराजकता होती है। सुंदर बिल्डिंग जला दी, किसी को इससे क्या मिला। डिप्टी सीएम शर्मा ने दो टूक शब्दों में कहा है, कि बलौदाबाजार में की गई आगजनी में करोड़ों का नुकसान हुआ है, तो इसकी भरपाई आरोपियों से ही की जाएगी।

भाजपा की तरफ से मामले में कांग्रेसी नेताओं पर समाज को भड़काने के आरोप को लेकर भी बयान दिया है. उन्होने कहा कि जांच में जिन-जिन लोगों का नाम सामने आएगा, सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गिरफ्तारी देने रायपुर एसएसपी दफ्तर पहुंचें पूर्व मंत्री गुरु रूद्र कुमार

**बलौदाबाजार,12 जून 2024(ए)।** बलौदाबाजार हिंसा में बीजेपी द्वारा आरोप लगाये जाने के बाद पूर्व मंत्री गुरु रूद्र कुमार रायपुर एसएसपी दफ्तर गिरफ्तारी देने पहुंचे । इस दौरान उन्होंने एसएसपी कार्यालय में तैनात पुलिसकर्मियों से खुद को गिरफ्तार करने को कहा। उन्होंने ने कहा कि बीजेपी मंत्रियों के द्वारा बेवजह उनका नाम घटनाक्रम से जोड़ा जा रहा है, जबकि इस पूरे मामले की जांच होनी चाहिए। बिना जांच के मेरा नाम लिया जा रहा। बीजेपी के मंत्री इस मामले में माफी मांगे। नहीं तो उनके खिलाफ मानहानि का नोटिस भेजा जाएगा।



बता दें कि मंगलवार 11 जून को बलौदाबाजार हिंसा मामले में बीजेपी के मंत्री दयाल दास बघेल, टंकराम वर्मा और दयाल दास बघेल ने संयुक्त प्रेसवार्ता कर हिंसा मामले में भीड़ को उकसाने का आरोप पूर्व मंत्री गुरू रुद्र कुमार पर लगाया। प्रेसवार्ता के बाद गुरु रुद्र ने मंत्रियों के बयान को बेबुनियाद बताया और बीजेपी मंत्रियों को माफी मांगने को कहा।

# सड़क का टेंडर नहीं निकाला तो हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

**बिलासपुर,12 जून 2024 (ए)।** रायपुर के धनेली से विधानसभा की ओर जाने वाली सड़क का टेंडर जारी नहीं करने पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों से तत्काल आदेश का पालन करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 2 जुलाई को रखी गई है। हाईकोर्ट में प्रदेशभर की जर्जर सड़कों को लेकर दायर जनहित याचिकाओं पर सुनवाई हो रही है। इनमें हाईकोर्ट की ओर से स्वतः संज्ञान से दायर एक याचिका बिलासपुर-



रायपुर नेशनल हाईवे के धनेली ग्राम से विधानसभा की ओर जाने वाली जर्जर सड़क पर भी है। इस सड़क की मरम्मत के लिए शासन की ओर से 22.5 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल जाने की जानकारी पिछली सुनवाई में दी गई थी। साथ ही सरकार की ओर से कहा गया था कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण इसका टेंडर जारी नहीं किया जा सका है। तब चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की डिवीजन बेंच ने कहा था कि जनहित के कार्यों में चुनाव आचार संहिता लागू नहीं होती। इसका टेंडर जारी किया जाए।

# स्टूडेंट्स को साल में दो बार परीक्षा देने का मिलेगा मौका

» इन परीक्षार्थियों को होगा लाभ




**रायपुर,12 जून 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल अब साल में दो बार बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन करेगा। माशिमं ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत नया कानून बनाया है। अब बोर्ड परीक्षार्थियों को वर्ष में दो बार परीक्षा देने का मौका मिलेगा। इससे उन छात्रों को लाभ होगा जो परीक्षा में अनुत्तीर्ण है, पूरक है, या श्रेणी सुधार करना चाहते है। अभी तक सिर्फ पूरक छात्रों को ही दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलता था। इससे फेल छात्रों को सबसे ज्यादा फायदा होगा। वे अच्छी तैयारी कर दोबारा बोर्ड परीक्षा दे पाएंगे। इससे एक वर्ष खराब नहीं होगा।माशिमं ने साल में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करने के लिए कुछ दिन पहले नोटिफिकेशन जारी करके नौ जून तक दावा आपत्ति मंगाई थी। जहां इस तारीख तक एक भी दावा आपत्ति नहीं आई है। आपको ये भी बताते चले कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षाएं लेने का प्रविधान है।

माध्यमिक शिक्षा मंडल इसी वर्ष से दो बार बोर्ड परीक्षाएं लेने जा रहा है। इससे छात्रों को लाभ मिलेगा। वहीं अभी देश में किसी भी राज्य में दो बार बोर्ड परीक्षाओं का नियम लागू नहीं है। सीबीएसई अगले शिक्षा सत्र से दो बार परीक्षाएं लागू करने की घोषणा कर चुका है।

### पहली परीक्षा मार्च में तो दूसरी जून-जुलाई में होगी आयोजित

माशिमं के अधिकारियों का कहना है कि शिक्षा सत्र में दो बार परीक्षा कराने का निर्णय लिया है। जारी आदेश के मुताबिक पहली परीक्षा मार्च और दूसरी परीक्षा जून-जुलाई में आयोजित की जाएगी। पहली परीक्षा के लिए पंजीकृत परीक्षार्थी ही दूसरी परीक्षा के लिए पात्र होंगे।

# सीजीपीएससी 2024 मेंस एग्जाम 24 जून से

**रायपुर,12 जून 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ राज्य सेवा की मुख्य परीक्षा (मेंस) 24 जून से ही शुरू होगी। इसकी तारीख में कोई बदलाव नहीं होगा। यह परीक्षा 27 जून तक चलेगी। इस संबंध में आयोग ने सूचना जारी कर दी है। बता दें कि सीजीपीएससी की होने वाली परीक्षा में इस बार 242 पदों पर भर्ती होगी। मुख्य परीक्षा के लिए इस बार 3597 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। डेट में बदलाव का कारण यह था कि मध्य प्रदेश सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 और वन सेवा परीक्षा 2024 एक तारीख को आयोजित हो रही है। इसे लेकर कई अभ्यर्थियों ने सीजीपीएससी को आवेदन दिया था कि मेंस की तारीख में बदलाव किया जाये। इस संबंध में पीएससीने सूचना जारी किया है। उसमें बताया गया है कि पूर्व में निर्धारित तारीख के अनुसार ही मुख्य परीक्षा होगी। गौरतलब है कि इस परीक्षा में डिप्टी कलेक्टर से लेकर नायब तहसीलदार के रिक्त पदों पर भर्ती होगी। परीक्षा में 242 पदों पर भर्ती होगी। मुख्य परीक्षा के लिए 3 हजार 597 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। चयनित अभ्यर्थी 24 जून से मेंस परीक्षा की परीक्षा देंगे। यह परीक्षा 24 जून से शुरू होकर 27 जून तक होगी। परीक्षा में कुल सात पेपर होंगे।




# सूर्यकांत तिवारी और निलंबित आईएएस समीर विश्नोई को झटका

**रायपुर,12 जून 2024 (ए)।** 450 करोड़ के कोल लेवी वसूली और मनी लांड्रिंग मामले के किंग पिन सूर्यकांत तिवारी और निलंबित आईएएस समीर विश्नोई के आज विशेष पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया । इनकी तीन की ईओडब्लू रिमांड खत्म हो गई थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद तिवारी,विश्नोई को 18जून तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है । कोल स्कैम - ईडी के अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ में जांच के बाद 540 करोड़ के कोल लेवी स्कैम का खुलासा किया था। इसमें आईएएस रानू साहू के अलावा आईएएस समीर विश्नोई, सौम्या चौरसिया, जेडी माइनिंग एसएस नाग और कारोबारी सूर्यकांत तिवारी को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा कांग्रेस नेता और कुछ कारोबारी भी ईडी के जांच के दायरे में है। इन लोगों से पूछताछ की गई है और इनके घरों से कुछ दस्तावेजों को भी जब्त किया गया है। ईडी ने बताया था कि 2 साल के अंदर 540 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है। इन आरोपियों की 152 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की जा चुकी है।



# तहसीलदार और नायब तहसीलदार के नवीन पदों पर होगी भर्ती

**रायपुर,12 जून 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में तहसीलदार और नायब तहसीलदार के नवीन पदों पर भर्ती होगी। सीएम साय ने ङ्क पर जानकारी देते हुए लिखा कि छत्तीसगढ़ में भूमि संबंधी विवादों को दूर करने के लिए हमारी सरकार नई तकनीक का इस्तेमाल करने जा रही है। इसके लिए जिओ रिफ्रेंसिंग तकनीक के उपयोग को मंजूरी दे दी गई है, साथ ही राजस्व प्रशासन को सुदृढ़ करने के लिए बजट में 150 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। जिओ रिफ्रेंसिंग तकनीक के माध्यम से छोटी से छोटी भूमि का वास्तविक चिन्हांकन करना आसान होगा। जिससे जमीन संबंधी विवादों को हल करने में मदद मिलेगी। जिओ रिफ्रेंसिंग के काम को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए हमारी सरकार तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के नवीन पदों का भी सृजन करने जा रही है।




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)